इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रात: संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

वर्ष- 44 | अंक - 223 | राजनांदगांव, मंगलवार 01 जुलाई 2025 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए




## कैबिनेट ने छत्तीसगढ़ राज्य लॉजिस्टिक पॉलिसी 2025 को दी मंजूरी, लॉजिस्टिक हब के रूप में विकसित होगा स्टेट

रायपुर। छत्तीसगढ़ में किसानों के हित में एक बड़ा फैसला लिया है। कृषक उन्नति योजना के प्रचलित निर्देशों को संशोधित करते हुए इसके दायरे को और विस्तृत कर दिया है। अब इस योजना का लाभ खरीफ 2025 में धान उत्पादक किसानों के साथ-साथ पंजीकृत धान फसल के स्थान पर अब दलहन, तिलहन, मक्का आदि की फसल लगाने वाले किसानों को भी मिलेगा। यह फैसला मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में सोमवार को मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित कैबिनेट की बैठक में लिया गया।

खरीफ 2024 में पंजीकृत कृषक जिन्होंने धान की फसल लगाई थी और समर्थन मूल्य पर धान बेचा था, उनके द्वारा खरीफ 2025 में धान फसल के स्थान पर दलहन, तिलहन, मक्का आदि फसल की खेती की जाती है, तो उन्हें भी अब कृषक उन्नति योजना के तहत आदान सहायता राशि प्रदान की जाएगी। मंत्रिपरिषद द्वारा छत्तीसगढ़ सरकार के अधिकारी-कर्मचारियों के हित में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए भविष्य में सेवानिवृत्ति के समय पेंशन भुगतान संबंधी दायित्वों के बेहतर वित्तीय प्रबंधन हेतु



**कृषक उन्नति योजना का विस्तार- दलहन, तिलहन, मक्का जैसी फसलें भी योजना में शामिल**

छत्तीसगढ़ पेंशन फंड के गठन तथा इसके प्रबंधन एवं विनियमन संबंधी विधेयक-2025 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। मंत्रिपरिषद द्वारा राज्य के दीर्घकालिक आर्थिक विकास एवं राजकोषीय स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए छत्तीसगढ़ ग्रोथ एंड स्टेबिलिटी फंड के गठन तथा इसके प्रबंधन एवं विनियमन संबंधी विधेयक-2025 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। इससे राज्य के राजस्व में असामान्य वृद्धि/कमी का समुचित प्रबंधन एवं आर्थिक मंदी के समय वित्तीय सुरक्षा प्राप्त होगी। मंत्रिपरिषद द्वारा राज्य में लॉजिस्टिक सेक्टर के समग्र विकास के लिए छत्तीसगढ़ राज्य लॉजिस्टिक पॉलिसी-2025 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। इस पॉलिसी से छत्तीसगढ़ राज्य लॉजिस्टिक हब के रूप में विकसित होगा तथा निर्यात अधोसंरचना को मजबूती मिलेगी।

राज्य की भौगोलिक स्थिति का लाभ लेते हुए लॉजिस्टिक सेक्टर तथा ई-कॉमर्स की राष्ट्रीय एवं बहुराष्ट्रीय कम्पनियों को लॉजिस्टिक हब की स्थापना के लिए निवेश के लिए आकर्षित किया जाएगा। राज्य की भंडारण क्षमता में वृद्धि होगी, जिससे प्रदेश के उद्योगों, व्यापारियों और किसानों को सस्ती भंडारण सुविधा मिलेगी। प्रदेश में लॉजिस्टिक में लगने वाले लागत कम होने से व्यापार, निवेश एवं आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। इस नीति के माध्यम से ड्राई पोर्ट/इन्लैंण्ड कंटेनर डिपो की स्थापना को प्रोत्साहित करने से सूक्ष्म, लघु एवं (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## ड्रैगन ने कहा, 'भारत-चीन सीमा विवाद सुलझाना मुश्किल, नामुमकिन नहीं, राजनाथ सिंह की बैठक के बाद कही बड़ी बात



नई दिल्ली। भारत और चीन के बीच लंबे समय से चल रहे सीमा विवाद को लेकर एक बार फिर कूटनीतिक बातचीत हुई है। भारतीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चीन के रक्षा मंत्री दोंग जून से चिंगदाओ में मुलाकात की। दोनों देशों ने सीमाओं पर शांति बनाए रखने और बातचीत जारी रखने पर सहमति जताई है। सिंह ने बैठक में कहा कि दोनों देशों को सीमाओं पर तनाव कम करने और सीमा निर्धारण से जुड़ी पुरानी व्यवस्थाओं को फिर से सक्रिय करने की ज़रूरत है। उन्होंने सुझाव दिया कि इस 'जटिल मुद्दे' को संगठित रूप से सुलझाने की योजना बनानी चाहिए।

### चीन ने दी प्रतिक्रिया - 'समस्या जटिल, हल निकालने में समय लगेगा'

बैठक के बाद चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने 30 जून को कहा कि 'भारत-चीन सीमा विवाद जटिल है और इसे सुलझाने में वक्त लगेगा, लेकिन हम बातचीत और शांति चाहते हैं।' उन्होंने कहा कि सीमा मुद्दे पर विशेष टीमें काम कर रही हैं और राजनीतिक दिशा-निर्देशों पर सहमति भी बनी हुई है।

### अब तक 23 बैठकों के बावजूद नहीं निकला समाधान

दोनों देशों के विशेष प्रतिनिधियों की अब तक 23 दौर की बातचीत हो चुकी है, लेकिन अब भी समाधान नहीं निकला है। गौरतलब है कि पिछली बैठक दिसंबर 2024 में अजीत डोभाल और वांग यी के बीच हुई थी। यह बैठक 2020 में पूर्वी लद्दाख में टकराव के बाद की पहली बड़ी पहल थी।

### भारत ने कहा - विश्वास बहाल हो, ज़मीनी स्तर पर कार्रवाई हो

भारत ने साफ कहा है कि विश्वास की कमी को दूर करने के लिए जमीनी स्तर पर ठोस कदम उठाने की जरूरत है। राजनाथ सिंह ने यह भी कहा कि अच्छे पड़ोसियों जैसे संबंधों के लिए शांति बनाए रखना ज़रूरी है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## अमिताभ जैन बने रहेंगे चीफ सेक्रेटरी, सेवा विस्तार को केंद्र ने दी मंजूरी

रायपुर। छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव फिलहाल अमिताभ जैन ही बने रहेंगे। इस बाबत सोमवार की दोपहर हुई कैबिनेट की बैठक में निर्णय लिया गया। केंद्र सरकार ने अमिताभ जैन को सेवा विस्तार देने के फैसले पर सहमति जता दी है।



उल्लेखनीय है कि, सोमवार को मुख्य सचिव अमिताभ जैन को विदाई दी जानी थी। और मुख्य सचिव पद की दौड़ में तीन नाम सबसे आगे बताए जा रहे थे। पहला 1992 बैच के सुब्रत साहू, दूसरा 1993 बैच के केंद्र में प्रतिनियुक्त अमित अग्रवाल और तीसरा नाम 1994 बैच के मनोज पिंगुआ का था। लेकिन दोहर बाद जो निर्णय आया उसने सभी को चौंका दिया।

आईएएस की सर्विस में आने के बाद अमिताभ जैन की पहली पोस्टिंग अविभाजित मध्यप्रदेश के जबलपुर में सहायक कलेक्टर के रूप में हुई। अमिताभ जैन यहां 1 जून 1990 से 1 अगस्त 1991 तक पदस्थ रहे। दूसरी पोस्टिंग उनकी एसडीएम नीमच के रूप में एक अगस्त 1991 से 1 जुलाई 1993 तक रही। फिर वे छत्तीसगढ़ के सरगुजा में प्रोजेक्ट अधिकारी बनकर पदस्थ हुए। 1 मार्च 1994 से 1 जून 1996 तक ग्वालियर में एडिशनल कलेक्टर रहे। एक जून 1996 को ही ग्वालियर में सीईओ बन गए। सीईओ के रूप में अमिताभ जैन की पदस्थापना 1997 तक रही। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## शराब घोटाला: एसीबी ने स्पेशल कोर्ट में पेश की चौथी चार्जशीट, कमीशन के तौर पर लखमा को 64 करोड़ रुपये मिलने का आरोप

रायपुर। छत्तीसगढ़ के 2161 करोड़ के शराब घोटाला मामले में पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा के खिलाफ सोमवार को ईओडब्ल्यू ने चौथा पूरक चालान पेश किया। विशेष कोर्ट में 1100 पन्नों का चालान पेश किया गया। इस चार्जशीट में पूर्व आबकारी मंत्री लखमा को शराब घोटाले से बतौर कमिशन मिला 64 करोड़ रुपये मिलने की बात कही गई है।



चार्जशीट में एसीबी ने बताया है कि कवासी लखमा वर्ष 2019 से 2023 के दौरान छत्तीसगढ़ सरकार में आबकारी मंत्री रहे। जांच में साक्ष्यों और वित्तीय विश्लेषण से यह निर्विवाद रूप से सिद्ध हुआ है कि कवासी लखमा, जो एक उत्तरदायित्वपूर्ण संवैधानिक पद पर आसीन थे, उन्होंने न केवल अपने कर्तव्यों की घोर उपेक्षा की, बल्कि मंत्री पद की शक्तियों का उपयोग कर नीतिगत निर्णयों में हस्तक्षेप, अधिकारियों की पदस्थापना में प्रभाव, टेंडर प्रक्रियाओं में विकृति और नगद लेन-देन की एक समानांतर व्यवस्था स्थापित कर पूरे विभागीय तंत्र को भ्रष्टाचार के माध्यम से संचालित किया गया।

### लखमा के संरक्षण में अधकारियों ने दिया घोटाले को अंजाम

ACB ने अपने चार्जशीट में कहा है कि, मंत्री के संरक्षण में विभागीय अधिकारियों, सहयोगियों और ठेकेदारों के माध्यम से सुनियोजित घोटाले को अंजाम दिया गया। कमिशन के रूप में अर्जित राशि को अपने व्यक्तिगत और पारिवारिक हितों के लिए उपयोग कर भारी मात्रा में असम्यक लाभ अर्जित किया गया। एसीबी ने स्पेशल कोर्ट को बताया कि अब तक की विवेचना में कवासी लखमा को 64 करोड रुपये आबकारी घोटाले के फलस्वरूप उनके हिस्से में प्राप्त होना प्रमाणित हुआ है। जिसमें 18 करोड़ रुपये के अवैध धन राशि के निवेश- खर्च संबंधी दस्तावेजी साक्ष्य प्राप्त हुए हैं।

## हिमाचल में भारी बारिश- 285 सड़कें बंद, 39 की मौत: लैंडस्लाइड के बाद टनल में 5 घंटे फंसी रहीं गाडियां

नई दिल्ली। हिमाचल प्रदेश में रविवार से ही तेज बारिश हो रही है। लैंडस्लाइड के चलते प्रदेशभर की 285 सड़कों पर वाहनों की आवाजाही बंद हो गई है। मानसून के बाद से राज्य में अब तक 39 लोगों की मौत हो चुकी है। बीते 24 घंटे में 3 ने जान गंवाई है।



हिमाचल के मंडी-कुल्लू नेशनल हाईवे पर थलौट की भुभु जोत टनल के पास सोमवार सुबह लैंडस्लाइड हो गया। इससे टनल के अंदर 5 घंटे तक कई गाड़ियां फंसी रहीं। अलर्ट के चलते आज हिमाचल के 4 जिलों में स्कूल बंद हैं।

**बिहार में 5 लोगों पर बिजली गिरी**

बिहार के भोजपुर, बक्सर और नालंदा में बिजली गिरने से 5 की मौत हो गई। वहीं, गया के इमामगंज में लगुराही वाटरफॉल में रविवार को अचानक पानी बढ़ गया। तेज बहाव में 6 लड़कियां बह गईं। स्थानीय लोगों ने सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। मौसम विभाग के अनुसार, आज 31 राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों में बारिश होगी। उत्तराखंड और झारखंड में रेड अलर्ट जारी किया गया है। मध्य प्रदेश-राजस्थान समेत 12 राज्यों में तेज बारिश का ऑरेंज और 17 राज्यों में यलो अलर्ट है।




## प्रयागराज बवाल मामले में पुलिस का एक्शन... 50 गिरफ्तार, आगजनी करने वालों पर लगेगा एनएसए



प्रयागराज। प्रयागराज के करछना तहसील के इसौटा गांव में हुए बवाल के बाद पुलिस एक्शन में है. आगजनी, तोड़फोड़ और पथराव के बाद पुलिस अब बवालियों की धरपकड़ में जुट गई है. उनके खिलाफ एनएसए के तहत कार्रवाई की जाएगी. वहीं, बवाल के बाद मौके पर करीब 42 बाइक लावारिस हालत में मिलीं, जिन्हें पुलिस ने सीज कर दिया है. माना जा रहा है कि यह बाइक उपद्रव में आए युवकों की हैं, जो पुलिस के खदेड़ने पर बाइक छोड़कर ही भाग निकले.

फिलहाल, बाइकों के नंबर से पता लगाया जा रहा है कि ये गाड़ियां किन लोगों के नाम पर हैं. इन्हें नोटिस भेजकर पूछताछ के लिए बुलाया जाएगा. पुलिस के मुताबिक, 50 से अधिक आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है. फोटो/वीडियो के आधार पर धरपकड़ जारी है.

वहीं, आजाद समाज पार्टी के मुखिया चंद्रशेखर आजाद का कहना है कि बवाल करने वाले उनकी पार्टी के कार्यकर्ता नहीं थे. पार्टी कार्यकर्ता 8 घंटे तक सर्किट हाउस में ही उनके साथ शांतिपूर्ण तरीके से बैठे रहे. उन्होंने इस पूरे उपद्रव के पीछे किसी साजिश की ओर इशारा किया.

### क्या है कप्तान और सितारा की सनसनीखेज शादी का सच?

गौरतलब है कि बवाल के दौरान उपद्रवियों ने पुलिस की तीन गाड़ियों समेत एक दर्जन वाहनों में तोड़फोड़ की. कई मोटरसाइकिलें (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## केन्द्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीशचन्द्र ने की सीएम साय से मुलाकात, इस मामले में हुई बातचीत

रायपुर। केन्द्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चन्द्र दुबे ने आज सोमवार को रायपुर स्थित सीएम हाउस में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की। इस दौरान राज्य में कोयला खनन एवं उत्पादन से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में राज्य में कोयला उत्पादन, खनन कार्यों की प्रगति, श्रमिकों से जुड़ी सुविधाओं एवं विकास कार्यों पर चर्चा की गई। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि केंद्र सरकार के सहयोग से राज्य में कोयला एवं ऊर्जा क्षेत्र में विकास की संभावनाओं को साकार करने में सहायता मिलेगी।



सीएम साय ने इस दौरान सीएसआर मद की राशि का उपयोग अधिक से अधिक जनकल्याणकारी कार्यों में करने के संबंध में विशेष रूप से चर्चा की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद, एसईसीएल के मुख्य महाप्रबंधक हरीश दुहन सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। दूसरी ओरनिरंजन पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी कैलाशनंद गिरी महाराज ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से भेंट की। सीएम साय ने निरंजन पीठाधीश्वर श्री 1008 आचार्य महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी कैलाशनंद गिरि जी महाराज के साथ विभिन्न आध्यात्मिक विषयों पर चर्चा की। उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, केंद्रीय राज्य मंत्री महिला एवं बाल विकास सावित्री ठाकुर, राज्य बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा, वन विकास निगम के अध्यक्ष रामसेवक पैंकरा, मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत सहित अन्य प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

## सिगाची फार्मा कंपनी में विस्फोट, 12 की मौत, 34 लोग घायल; पीएम मोदी ने किया आर्थिक मदद का ऐलान

हैदराबाद। तेलंगाना के संगारेड्डी में सोमवार को एक फार्मा प्लांट में हुए संदिग्ध विस्फोट में 12 लोगों की मौत हो गई। हादसे में करीब 34 लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि पशम्यलारम औद्योगिक एस्टेट में सिगाची फार्मा कंपनी में जहां विस्फोट हुआ, वहां कई श्रमिकों के फंसे होने की आशंका है। उन्हें बचाने के प्रयास जारी हैं।



### घायल लोगों को अस्पताल ले जाया गया

अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी ने पीटीआई को बताया,हादसे में 12 लोगों की मौत हुई है, जबकि 34 लोग घायल हुए हैं। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है और उनका इलाज जारी है। उनकी हालत के बारे में तत्काल पता नहीं चल पाया है, क्योंकि बचाव अभियान अभी भी जारी है। आग बुझाने के लिए दमकल गाड़ियों को लगाया गया।

### सुबह 8.15 से 9.35 बजे के बीच विस्फोट

मल्टी जोन I के महानिरीक्षक वी सत्यनारायण ने बताया कि पशम्यलारम में रासायनिक उत्पादन फैक्ट्री सिगाची फार्मा में विस्फोट हुआ। यह घटना सुबह 8.15 से 9.35 बजे के बीच हुई। घटना में कुल 12 लोगों की मौत हो चुकी है। 34 अन्य घायल हैं। छह शव बरामद किए गए हैं। चंदा नगर में इलाज के दौरान दो लोगों की मौत हो गई। हम 20 मिनट में ही घटनास्थल पर पहुंच गए थे। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और अन्य बचाव दल 10 दमकल गाड़ियों के साथ घटनास्थल पर हैं। आग पर काबू पाने के प्रयास जारी हैं। बचाव अभियान युद्धस्तर पर चलाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घटना में लोगों की मौत पर जताया। उन्होंने कहा, घटना से दुखी हूं। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खो दिया है, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## भाजपा विधायक टी राजा सिंह ने पार्टी से दिया इस्तीफा, नए प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव को लेकर थी नाराजगी

हैदराबाद। अक्सर अपने बयानों के चलते चर्चा में रहने वाले भाजपा विधायक टी राजा सिंह ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। टी राजा सिंह तेलंगाना की गोशामहल विधानसभा सीट से भाजपा के विधायक हैं। टी राजा ने अपना इस्तीफा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष जी किशन रेड्डी को भेजा है। उनके इस्तीफे के पीछे की वजह नए प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति को माना जा रहा है। बता दें कि रामचंद्र राव को तेलंगाना के लिए भाजपा का नया प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया जाना है। अपने इस्तीफे के विषय में उन्होंने लिखा - भारी मन से लाखों कार्यकर्ताओं की पीड़ा को दर्शाता इस्तीफा।

0 जानें टी राजा ने इस्तीफे में क्या लिखा

टी राजा ने अपने इस्तीफे में लिखा- मैं यह पत्र भारी मन और गहरी चिंता के साथ लिख रहा हूं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, रामचंद्र राव को तेलंगाना के लिए भाजपा का नया प्रदेश



अध्यक्ष नियुक्त किया जाना तय है। यह निर्णय न केवल मेरे लिए बल्कि लाखों कार्यकर्ताओं, नेताओं और मतदाताओं के लिए भी एक झटका और निराशा की तरह आया है, जो हर उतार-चढ़ाव में पार्टी के साथ खड़े रहे हैं। ऐसे समय में जब भाजपा तेलंगाना में अपनी पहली सरकार बनाने की दहलीज पर खड़ी है, इस तरह का चुनाव हमारी दिशा के बारे में गंभीर संदेह पैदा करता है।

टी. राजा ने अपने पत्र में लिखा- हमारे राज्य में कई योग्य वरिष्ठ नेता, विधायक और सांसद हैं जिन्होंने भाजपा के विकास के लिए अथक काम किया है और जिनके पास पार्टी को आगे ले जाने के लिए ताकत, विश्वसनीयता और संपर्क है। दुर्भाग्य से, ऐसा प्रतीत होता है कि कुछ व्यक्तियों ने, निजी हितों से प्रेरित होकर, केंद्रीय नेतृत्व को गुमराह किया है और पर्दे के पीछे से शो चलाकर निर्णय लिए हैं। यह न केवल जमीनी कार्यकर्ताओं के बलिदान को कमतर आंकता है बल्कि पार्टी को टाले जा सकने वाले झटकों में धकेलने का जोखिम भी पैदा करता है। उन्होंने अपने पत्र में खुद के बारे में भी लिखा- मैं एक समर्पित कार्यकर्ता रहा हूं, जिसे लोगों के आशीर्वाद और पार्टी के समर्थन से लगातार तीन बार चुना गया है। लेकिन आज, मुझे चुप रहना या यह दिखावा करना मुश्किल लगता है कि सब ठीक है। यह व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा (शेष पृष्ठ 6 पर...)




## कोलकाता दुष्कर्म मामले का संज्ञान लें, सीबीआई को सौंपी जाए जांच, याचिका में सीजेआई गवई से आग्रह

नई दिल्ली। भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) बी.आर. गवई को पत्र के जरिए एक याचिका भेजी गई है, जिसमें आग्रह किया गया है कि वह कोलकाता के एक लॉ कॉलेज में हुए कथित सामूहिक दुष्कर्म के मामले का संज्ञान लें। यह मामला कस्बा क्षेत्र में स्थित साउथ कोलकाता लॉ कॉलेज का है, जहां 25 जून को एक प्रथम वर्ष की छात्रा के साथ कथित तौर पर कॉलेज परिसर के अंदर ही तीन लोगों ने मिलकर दुष्कर्म किया। आरोपियों का संबंध तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की छात्र इकाई तृणमूल छात्र परिषद (टीएमसीपी) से बताया जा रहा है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# शराबी आरक्षक ने पुलिसकर्मी को बेल्ट से मारा, बदले में आरक्षक ने भी जड़े थप्पड़

## लालबाग पुलिस के आरक्षकों की पुलिसिया बेल्ट से जमकर पिटाई

## कॉन्स्टेबल-ड्राइवर को पीटने पर एसपी मोहित गर्ग ने किया सस्पेंड

राजनांदगांव (दावा)। सोमवार व रविवार की दरमियानी रात बसंतपुर स्थित जिला चिकित्सालय में अजीब वाकया देखने में आया जिसमें 112 के ड्राईवर व लालबाग थाने के आरक्षकों महेंद्र नामक पुलिस कर्मी ने उनकी जमकर धुनाई कर दी गई। नशे में धुत उक्त आरक्षक को जब पुलिस द्वारा डाक्टरी मुलाहिजा के लिए बसंतपुर जिला चिकित्सालय ले जाया गया तो वहां उसने उसे ले जाने वाले आरक्षकों की अपने बेल्ट से जमकर पिटाई कर दी।

मारपीट का मामला पुलिस अधीक्षक तक पहुंचने से पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग द्वारा पास दोषी ड्राइवर के खिलाफ त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। बताया जाता है कि 112 वाहन के ड्राइवर के साथ मारपीट करने वाले आरक्षक के संबंध में लालबाग पुलिस के साथ बदतमीजी करने की शिकायत रही है। रविवार को शायद बहुत ज्यादा पी रखी थी। शिकायत पर पुलिस द्वारा दो आरक्षकों के साथ उसका डाक्टरी मुलाहिजा हेतु उसे जिला चिकित्सालय बसंतपुर ले जाया गया।



वहां उक्त ड्राइवर ने उन दोनों आरक्षकों के साथ हाथापाई व गाली-गलौज करते हुए उन्हें अपने पहने हुए पुलिसिया बेल्ट निकाल कर जमकर पिटाई कर दी।

बताया जाता है कि नशे में धूत उक्त ड्राइवर अपने से हट्टे-कट्टे छह फुटिया जवान पुलिस से भी संभल नहीं पा रहा था और उन दोनों के साथ झूमा झटकी कर उनकी जमकर पिटाई कर दी। जिला चिकित्सालय में रात को तकरीबन 10-11 बजे उक्त घटना को देखकर लोग सहमे रहे। लोगों का कहना है कि ऐसे तत्व जब पुलिस वालों को कुछ समझ नहीं रहे हैं उनकी पिटाई कर दे रहे हैं तो हास्पीटल के डाक्टर नर्से व स्टाफ कर्मियों सहित मरीजों की सुरक्षा के संबंध में क्या गारंटी हो सकती है।

अस्पताल के लोगों का कहना है कि अपराधी तत्व के लोगों को डाक्टर मुलाहिजा के लिए अस्पताल लाते समय दोनों हाथों में हथकड़ी लगा कर लाए जाने का निर्देश है। लेकिन कोर्ट के आदेश का पुलिस वालों द्वारा पालन नहीं किया जाता। यदि उक्त आदेश का पालन किया जाता तो लालबाग पुलिस के आरक्षकों की पिटाई नहीं हो पाती। बहरहाल उक्त 112 के आरक्षक महेंद्र अपनी कारस्तानी के चलते पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग द्वारा निलंबित कर दिया गया है।

# प्रेमी-जोड़े ने महादेव पहाड़ी में आकर की खुदकुशी

राजनांदगांव (दावा)। लालबाग थाना क्षेत्र के तुमड़ीबोड़ चौकी इलाके स्थित महादेव पहाड़ी में एक प्रेमी जोड़े ने खुदकुशी कर के जान दे दी। घटना की जानकारी मिलते ही तुमड़ीबोड चौकी पुलिस मौके पर पहुंच कर दोनों शवों के अपने कब्जे में लेकर उसके पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज हास्पीटल भेज दिया।

**पांच दिनों से गायब थे डोंगरगांव क्षेत्र के प्रेमी-प्रेमिका**

बताया जाता है कि डोंगरगांव क्षेत्र के ग्राम मारगांव व बीजेभांठा निवासी युवक-युवती 26 जून से लापता थे। जिसके संबंध में युवक-युवती के परिजनों ने डोंगरगांव थाने में गुमशुदगी का रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके बाद थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस दोनों गुमशुदा की खोजबीन में जुटी हुई थी।

सोमवार 30 जून को उन दोनों का शव तुमड़ीबोड चौकी क्षेत्र की पहाड़ी में मिलने से आसपास के क्षेत्र में सनसनी फ़ैल गई। बताया जाता है कि युवक ने जहां फांसी लगाकर कर आत्महत्या की थी वहीं युवती का शव जमीन पर नीचे पड़ा हुआ है। दोनों के शव ज्यादा दिनों तक होने के कारण उसमें कीड़े लग गए थे। तुमड़ीबोड पुलिस द्वारा उक्त संबंध में मृतकों के अभिभावकों को जानकारी दी गई। मृतकों के अभिभावकों ने आकर युवक - युवती के शव को पहचान कर लिया गया है।

डोंगरगांव थाना प्रभारी ने युवक का नाम मनीष सिन्हा उम्र 27 वर्ष निवासी बीजेभांठा तथा युवती का नाम नूतन चंद्रवंशी उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम मारगांव बताया है।

बताया जाता है कि युवक मनीष गांव में च्वाइस सेंटर चलाता था। संभवतः उक्त सेंटर में युवती के आने-जाने पर दोनों के बीच प्रेम संबंध स्थापित हो गया होगा। मिली जानकारी के अनुसार युवक मनीष ने अपने बैंक खाते का पूरा पैसा अपने माता-पिता के नाम कर गया है। तुमड़ीबोड़ पुलिस उक्त मामले में आगे की कार्रवाई हेतु जांच में जुटी हुई है।

## पहला कॉलम...

### आज डाक्टर्स डे पर कस्तूरबा में डाक्टरों का सम्मान

राजनांदगांव (दावा)। आज मंगलवार 1 जुलाई को डाक्टर्स डे के अवसर पर कस्तुरबा भवन में नगर के सेवाभावी डाक्टरों का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए कस्तूरबा महिला मंडल की संरक्षिका व वरिष्ठ समाजसेवी श्रीमती शारदा तिवारी ने बताया कि आज 11 बजे कस्तूरबा भवन में लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी एवं कस्तूरबा महिला मंडल सहित लिनेश क्लब द्वारा शाला प्रवेश उत्सव के साथ डॉक्टर डे व सीए डे के अवसर पर उनका सम्मान किया जाएगा। इसी के साथ ही शाला के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का भी सम्मान कार्यक्रम आयोजित है। श्रीमती तिवारी ने उक्त कार्यक्रम में सेवाभावी जागरूक जनों की उपस्थिति का आग्रह किया है।

**○ सीए सहित प्रतिभाशाली विद्यार्थी भी होंगे सम्मानित**

### पुलिस द्वारा अपराधी तत्वों के खिलाफ जारी सघन चेकिंग अभियान

राजनांदगांव (दावा)। शहर सहित जिले भर में अपराध में बढ़ोतरी आने पर पुलिस द्वारा आपराधिक प्रवृति के लोगों के खिलाफ सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत चौकी चिखली अंतर्गत कोतवाली, चिखली एवं लालबाग के सयुक्त कार्यवाही पेट्रोलिंग अड्डे बाजी चेकिंग निगरानी गुंडा बदमाश एवं संदिग्ध एरिया चिखली तालाब, रमन बाजार, काली तालाब, सोलह खोली, दीनदयाल अटल आवास, बीड़ी कालोनी चेक किया गया। पुलिस के इस अभियान से आपराधिक तत्वों में भय का माहौल बना हुआ है।



### सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिये 29 जुलाई तक वार्डो में शिविर

राजनांदगांव(दावा)। नगर के सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये नगर निगम द्वारा प्रति माह पेंशन का भुगतान वार्डो में शिविर लगाकर किया जाता है। इसी कडी में हितग्राहियों को माह फरवरी से मई 2025 का पेंशन भुगतान के लिये वार्डो में 17 जून से 29 जुलाई तक प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 3:30 बजे तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत 1 जुलाई को ठा.प्योरलाल सिंह वार्ड नं. 16 व तुलसीपुर वार्ड नं. 17 के लिए ठा.प्यारेलाल स्कूल में, 2 जुलाई को लालबहादुर शास्त्री वार्ड नं. 18 व वर्धमान नगर वार्ड नं. 19 के लिए आनंद विहार कालोनी के सामुदायिक भवन गली नं. 5 में, 3 जुलाई को स्टेडियम वार्ड नं. 22 कौरिनभाठा वार्ड नं. 44 एवं रामकृष्ण वार्ड नं. 45 के लिए आंगनबाडी भवन सतनामी पारा कौरिनभाठा में तथा 4 जुलाई को मोहारा वार्ड नं. 47 के लिए पार्षद कार्यालय देवांगन पारा मोहारा में शिविर का आयोजन किया गया है। शेष वार्डो के लिये भी शिविर आयोजित किये जायेगे। निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों से वार्डो में आयोजित शिविर में प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 3:30 बजे तक उपस्थित होकर माह फरवरी से मई 2025 की पेशन का लाभ लेने की अपील की है।

# पार्रीकला व आलीवारा क्षेत्र में ट्रेन से कटकर दो व्यक्तियों की मौत

## कई टुकड़ों में बंटी लाश को समेटना था मुश्किल

## पोस्ट मार्टम के लिए भेजा गया मेडिकल कॉलेज हास्पीटल

राजनांदगांव(दावा) शहर के नजदीक के स्टेशन मुसरा के समीप ग्राम आलीवारा के पास सोमवार को लगभग 10-11 बजे एक युवक की ट्रेन से कटने से मौत हो गई। 35 वर्षीय उक्त व्यक्ति का नाम चितरंजन साहू निवासी मूंदगांव बताया जाता है। तुमड़ीबोड़ पुलिस चौकी ने मामला दर्ज कर विवेचना में ले लिया है।

इधर सोमवार को ही परमालकसा रेल्वे स्टेशन के पहले पड़ने वाले गांव पार्टीकला के एक व्यक्ति द्वारा ट्रेन से कटकर जान दे दी। ट्रेन में कट कर उस व्यक्ति के हाथ पैर व धड़ के कई टुकडे हो गए थे। वह दृश्य इतना वीभत्स व भयानक था कि लाश के टुकड़ों को समेटना मुश्किल हो रहा था। उक्त घटना सोमवार को लगभग 11 बजे के करीब हुई। रसमड़ा व परमालकसा रेल्वे स्टेशन के बीच अपलाइन में पार्रीकला के पास घटी उक्त घटना एर्नाकुलम एक्सप्रेस से हुई है।



रेलवे सुरक्षा बल निरीक्षक श्रीमती तरुणा साहू ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही उप-निरीक्षण मीनू कुमार के साथ बल घटना स्थल के लिए रवाना किया गया। उक्त घटना सोमनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत होने से सोमनी थाना प्रभारी भी वहां पहुंचे बाद में पता चला कि उक्त घटना उनके थाने क्षेत्र में नहीं आता सिटी कोतवाली क्षेत्र में आता है। कोतवाली वाले भी वहां पहुंचे लेकिन उन्हें पता चला कि उक्त घटना उनके क्षेत्र के बजाय चौकी चिखली क्षेत्र की है। चिखली चौकी क्षेत्र के पुलिस द्वारा आकर मृत व्यक्ति के कटी हुई लाश को समेट कर अपने कब्जे में लिया गया। मृतक के कपड़े की तलाशी लिए जाने पर पुलिस को कोई भी कागज रेल टिकट या अन्य कोई पहचान पत्र प्राप्त नहीं हुआ है। मृतक के कई टुकड़ों वाले शव की पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज हास्पीटल ले जाया गया है।

# सिंगदई वार्ड के सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा, भड़के ग्रामवासियों ने कलेक्ट्रेट में बोला धावा

राजनांदगांव (दावा)। निकटस्थ ग्राम सिंगदई वार्ड नं. 50 के रहवासियों ने ग्राम में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ रौद्र रुप दिखाते हुए कलेक्ट्रेट का घेराव किया।



सोमवार 30 जून को बड़ी संख्या में वार्डवासियों ने कलेक्टोरेट में धावा बोलते हुए अतिक्रमण कारियों के खिलाफ आक्रोश दिखाते इन तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई करने हेतु कलेक्टर के हाथों ज्ञापन सौंपा गया है। इस दौरान नगर निगम नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले व सिंगदई वार्ड के पार्षद मुकेश साहू भी बड़ी संख्या में वार्डवासियों के साथ उपस्थित रहे। बताया जाता है कि सिंगदई वार्ड में एक व्यक्ति द्वारा गांव के बाहर नर्सरी बनाया है और उसे और भी बढ़ाने के लिए वहां पर के सरकारी जमीन को कब्जा कर लिया है तथा वहां पर मकान बनाया जा रहा है। इससे ग्रामीणों में आक्रोश बना हुआ है। वार्डवासियों का कहना है कि इस तरह के अवैध कब्जों से व अन्य लोगों को शह मिलेगी और गांव की सरकारी जमीन में अतिक्रमण कर मनमानी करना शुरू कर देंगे। अतः ऐसे अवैध कब्जों पर रोक लगाने के लिए अतिक्रमण कारियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई किया जाना जरूरी है। सिंगदई वार्ड पार्षद मुकेश साहू ने बताया कि वार्ड में अतिक्रमण किए जाने के खिलाफ नगर निगम आयुक्त को भी शिकायत कर अवैध कब्जा हटाने हेतु कार्रवाई करने हेतु अपील की गई थी लेकिन इस संबंध में किसी प्रकार कार्रवाई नहीं होने पर सोमवार को वार्ड में बैठक की गई और लगभग 500 की संख्या में सिंगदई वासी कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर के हाथों ज्ञापन सौंपा गया है। पार्षद मुकेश साहू ने बताया कि कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने अतिक्रमणकारी के खिलाफ दो दिनों में कार्रवाई का आश्वासन दिया है, इससे वार्डवासियों को थोड़ी राहत मिली है।

**निगम का घेराव कर सौंपा ज्ञापन**

# महापौर ने किया निगम कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण, समय पर उपस्थित होने दिये निर्देश

## महापौर ने कहा कि प्रत्येक सोमवार को सभी अधिकारी कर्मचारी कार्यालयीन समय में अनिवार्य रूप से रहे उपस्थित

## जल, राजस्व, निराश्रित पेंशन, राशन कार्ड विभाग के कर्मचारियों को जनता से जुड़े कार्य प्राथमिकता से करने कहा



राजनांदगांव (दावा)। महापौर मधुसूदन यादव आज सोमवार को प्रातः 10:30 बजे नगर निगम पहुँच कार्यालय के सभी विभागों का आकस्मिक निरीक्षण कर अधिकारियों व कर्मचारियों से रूबरू हो उनके कार्यो के संबंध में जानकारी लेकर कार्यालयीन समय में उपस्थित होने के निर्देश देते हुए जनता से जुडे कार्य प्राथमिकता से करने कहा।

महापौर श्री यादव कार्यालय निरीक्षण के दौरान निगम के सभी विभागों में जाकर अधिकारियों व कर्मचारियों से मिलकर उनके कार्यो के संबंध में जानकारी लिये। उन्होंने लेखा शाखा, अभिलेख शाखा, स्थापना शाखा, लोककर्म, भवन अनुज्ञा, प्रधानमंत्री आवास योजना, आवक जावक, राशन कार्ड, निराश्रित पेंशन, स्वास्थ्य राजस्व कार्यालय के अलावा सभी विभागों में जाकर अधिकारियों व कर्मचारियों से रूबरू हो उनके कार्यो के संबंध में जानकारी लिये। उन्होंने स्थापना शाखा में कर्मचारियों की उपस्थिति, सर्विस बुक एवं पेंशन प्रकरणों की जानकारी लेकर कहा कि कर्मचारियों की सर्विस बुक का सुचारू संधारण करे तथा सेवानिवृत्त कर्मचारियो के भविष्य निधि, पेंशन आदि प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण करे। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास कार्यालय के कर्मचारियों से मिल आवास योजना के प्रकरणों के संबंध में जानकारी लेकर कहा कि आवास के लिए आये आवेदकों को पात्रता संबंधी जानकारी देवे। इसी प्रकार उन्होंने राशन कार्ड, निराश्रित पेंशन, जन्म-मृत्यु, जैसे जनता सें सीधे जुडे विभाग के कर्मचारियों से कहा कि संबंधित आवेदकों को आवेदन के साथ पात्रता की नियम शर्ते उपलब्ध करावे एवं समय सीमा में प्रकरणों का निराकरण करें।

महापौर श्री यादव ने राजस्व कार्यालय का निरीक्षण कर मोहर्रिरो से कहा कि अपने-अपने प्रभारित वार्ड में जाकर वसूली करने के अलावा कार्यालय में भी टेक्स लेना सुनिश्चित करें। कई करदाताओं के द्वारा टेक्स लेने नहीं आने तथा कार्यालय में भी संबंधित मोहर्रिर नही मिलने की शिकायत प्राप्त होती है, जो गंभीर विषय है। करदाताओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाए और उनसे नियमित सम्पर्क बनाकर वसूली करना सुनिश्चित करें। महापौर श्री यादव ने कहा कि कई कर्मचारियों की समय में उपस्थित नही होने की शिकायत प्राप्त होती है, उसी प्रकार कई कर्मचारी लंच के बाद समय में नही पहुंचते इस प्रकार की शिकायते न हो, सभी निर्धारित समय में उपस्थित होगे। इसके अलावा सभी अधिकारी कर्मचारी प्रत्येक सोमवार को निर्धारित समय में कार्यालय में उपस्थित होगे और कार्यो का निर्वहन करेंगे। शेष दिनों में फिल्ड वर्क के अधिकारी कर्मचारी फस्ट हाफ फिल्ड वर्क एवं सेकेंड हाफ कार्यालयीन कार्यो का संपादन करेंगे। उन्होंने कहा कि नगर निगम सीधे जनता से जुड़ा विभाग है, जिसे ध्यान में रखकर नागरिकों की शिकायतों एवं उनकी समस्या का प्राथमिकता से समाधान करना है, पार्षदों द्वारा बताए कार्य का भी हर संभव निराकरण करना है।

# रासायनिक खाद और बीज का संकट भाजपा सरकार का सुनियोजित षडयंत्र- कांग्रेस



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ कृषि प्रधान राज्य है शासन की लचर व्यवस्था के चलते यहां के कृषकों को समय पर न खाद-बीज नहीं मिल रहा है। जिसके कारण किसानों को कृषि कार्य में दिक्कतें आ रही है। राज्य सरकार द्वारा किसानों को समय पर खाद-बीज की उपलब्धता कराना था किन्तु सहकारी समितियों में खाद-बीज अनुपलब्धता से किसान हताश और परेशान है। किसानों की इन गंभीर समस्या को देखते हुए प्रदेश कांग्रेस के आव्हान पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी निर्देशानुसार पर ब्लॉक स्तरीय धरना-प्रदर्शन कर रासायनिक खाद-बीज उपलब्ध कराने की मांग की गई।

**प्रति एकड़ 21 क्विंटल उर्वरक क्षमता कम करने खराब बीज दे रही सरकार**

धरना-प्रदर्शन का संचालन करते हुए दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस सूर्यकांत जैन ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के आव्हान पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के निर्देशानुसार सोमवार 30 जून को ब्लॉक अध्यक्षद्वय आसिफ अली, सूर्यकांत जैन के नेतृत्व में ब्लॉक स्तरीय धरना प्रदर्शन किया गया। इससे पूर्व अंहिसा के पुजारी महात्मा गांधी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर धरना-प्रदर्शन का शुभारंभ किया।

धरना-प्रदर्शन को संभागीय प्रवक्ता कमलजीत सिंह पिन्टू, श्रीकिशन खंडेलवाल, प्रवक्ता रूपेश दुबे, वरिष्ठ कांग्रेसी रमेश डाकलिया, कुतबुद्दीन सोलंकी, पूर्व अध्यक्ष रमेश राठौर, दिनेश शर्मा, नासिर जिंदरान, संतोष पिल्ले आदि ने संबोधित किया। पूर्व मंत्री धनेश पाटिला ने कहा कि प्रदेश के सोसायटियों में रासायनिक खाद-बीज की उपलब्धता नहीं होने के कारण किसानों को कृषि कार्य में दिक्कतें हो रही। डबल इंजन सरकार में प्रदेश के किसान, मजदूर, युवा हलाकान है। भाजपा सरकार से मांग करते है कि जल्द से जल्द किसानों को रासायनिक खाद-बीज उपलब्ध कराएं। सभा को संबोधित करते हुए शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार किसान विरोधी कार्य कर रही है।

डीएपी, यूरिया और अन्य रासायनिक खाद उपलब्ध न कराकर किसानों पर अन्याय कर रही है। जो बीज किसानों को दे रही है वही भी घटिया क्वालिटी की है। वहीं प्रति एकड़ 21 क्विंटल उर्वरक क्षमता कम करने खराब बीज दे रही भाजपा सरकार जबकि हमारी पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के समय कभी डीएपी खाद की कमी नहीं रही है।

# आपदा प्रभावितों को सहायता राशि स्वीकृत

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने दैवीय विपत्तियों के संबंध में राहत मद अंतर्गत राजनांदगांव तहसील के आपदा प्रभावितों को सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। इसके तहत आग से एक जनहानि होने पर 4 लाख रूपए, नदी के पानी में डूबने से एक जनहानि होने पर 4 लाख रूपए एवं आग से एक मकान पूर्णतः क्षति होने पर 1 लाख 20 हजार रूपए की स्वीकृति प्रदान की है।





**श्री कृष्णा (एयरकुल) में**
रोजाना 4 खेल
महिलाओं की खास फरमाईश पर टिकिट दर पर भारी छूट
बालकनी - 100 रूपए
रिजर्व - 50, महिला- 50 रूपए
सिर्फ सुहाग फिल्म के लिए सुपरहीट, सुपरहीट, सुपरहीट
**सुहाग**
कला : अनुज शर्मा, अनकृति चौहान,




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com



**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं आवेदक भीषम यादव आ. मदनलाल जाति यादव निवासी ग्राम अं.चौकी, तह. अं. चौकी जिला मोहला-मानपुर, अ. चौकी (छ.ग.) का निवासी हूं। मैं अपने पुत्री मीनू के नाम से भारत सरकार द्वारा आधार कार्ड जारी किया गया था, जिसमें नाम के स्थान पर मिनी यादव अंकित है, उक्त नाम गलत है। परन्तु मेरे पुत्री के नाम से जारी शैक्षणिक प्रमाण पत्र व समस्त कागजातों में नाम के स्थान पर मीनू दर्ज हैं उक्त नाम सही है। इसलिए उक्त नाम को आधार कार्ड में सुधार कराना चाहता हूं। इस आमसूचना के संबंध में किसी भी शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था व किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की दावा आपत्ति हो तो सात दिवस के भीतर आपत्ति मय दस्तावेज के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकतें है। अन्यथा नियत अवधि बीतने के पश्चात् उक्त आधार कार्ड में मेरे पुत्री का नाम आधार कार्ड में सुधार कर लिया जावेगा। अतएव आम सूचना प्रस्तुत है जो जरूरत वक्त पर काम आवे।

स्थान :- अं.चौकी
दिनांक :-27/06/2025
आवेदक
**भीषम यादव**



न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
गंडई-छुईखदान,
जिला खैरागढ़-छुईखदान, गंडई (छ.ग.)

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. 202506290400003２अ-2 वर्ष 2024-25
साकिन-छुईखदान प.ह.नं. 14 तहसील छुईखदान

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती जयप्रभा पति किशोर कुमार शर्मा जाति ब्राम्हण निवासी छुईखदान प.ह.नं. 14 रा.नि.मं. छुईखदान, जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.) के द्वारा अपने ग्राम छुईखदान स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि ख.नं. 336/12, रकबा 0.0160 हे. भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने बाबत बी-1 खसरा नक्शा सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उपरोक्त भूमि आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति या विशेष को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 03.07.2025 को उपस्थित होकर अपनी दावा/आपत्ति पेश कर सकते है। समय पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 18.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा)**
**जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई**



**कार्यालय, नगर पालिक निगम राजनांदगांव (छ.ग.)**
**// निविदा सूचना //**

क्रमांक 50/जल/नि.-2025-26 राजनांदगांव दिनांक 26/06/2025

नगर पालिक निगम, राजनांदगांव के अधीनस्थ जल प्रदाय विभाग के लिए निम्नांकित कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है-

| क्रं. | कार्य का विवरण | अनुमानित राशि (लाख में) | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | ममता नगर अंडरब्रिज सम्प की सफाई कार्य | 1.40 | 10/7/2025 |

उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा से संबंधित सामान्य शर्ते, धरोहर राशि विस्तुत निविदा, विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी कार्यालीन अवधि में नगर पालिक निगम राजनांदगांव के तकनिकी शाखा जल विभाग एवं वेबसाईड www.mcrjn.com से प्राप्त की जा सकती है।

आ. क्रं. 65/जसं/2025
आयुक्त
नगर पालिक निगम, राजनांदगांव



**स्थानांतरण सूचना**

**काजल इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड इलेक्ट्रीकल्स जयस्तंभ चौक से दिल्ली दरवाजा नगर निगम काम्प्लेक्स में स्थानांतरित हो गई है।**

ललित-परेश (विक्की) रायचा
मो.- 7000724699


**शुभांक**

अनुमानित

बी. के
3-5-7
145-0 349-6
राजधानी
2-4-6
568-9 468-8

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

# जल संसाधन व पीडब्लूडी के अधिकारी भी अवैध पाइप लाइन में जिम्मेदार - जितेंद्र मुदलियार



राजनांदगांव(दावा)। सोमनी क्षेत्र के ग्राम फुलझर स्थित न्यू लुक बायोफ्यूल्स कंपनी द्वारा पाइपलाइन बिछाए जाने में भारी अनियमितता का आरोप सामने आया है। ग्रामीणों के साथ छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष जितेन्द्र मुदलियार ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ग्राम पंचायत टेड़ेसरा, कोपेडीह सरपंचों को बर्खास्त कर गैर जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। फैक्ट्री के मालिक और प्रबंधक पर भी अवैध तरीके से पाइप लाइन बिछाने के मामले में एफआईआर दर्ज करने की बात उन्होंने की है। उन्होंने कहा कि, शासन-प्रशासन को जनता का प्रजातंत्र में विश्वास मजबूत बनाए रखने के लिए यह कार्रवाई तत्काल करनी चाहिए।

जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू ने भी इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। साथ ही उन्होंने कंपनी के संचालन में लगे अन्य संबंधित व्यक्तियों और अन्य के गठजोड़ की भी जांच की आवश्यकता बताई है। कंपनी द्वारा ग्रामीणों को फंसाने की धमकी और उकसाने का प्रयास किया जा रहा है।

आक्रोशित टेड़ेसरा के ग्रामीणों के साथ ज्ञापन देने पहुंचे मुदलियार ने कहा कि यह मामला न केवल प्रशासनिक लापरवाही को उजागर करता है, बल्कि ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों की भूमिका पर भी गंभीर सवाल खड़े करता है। उन्होंने कहा कि अवैध तरीके से 5 किलोमीटर लंबी पाइप लाइन बिछा दी गई है और जल संसाधन विभाग और लोक निर्माण विभाग को इसकी भनक तक नहीं लगी और दूसरी तरफ उनकी संलिप्तता की भी जानकारी सामने आ रही है। इसकी भी जांच होनी चाहिए और जिम्मेदार विभागीय अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई किए जाने की जरुरत है।

उन्होंने कहा कि फैक्ट्री तक पाइपलाइन बिछाने हेतु ग्राम पंचायत की अनुमति लिए बिना ही कार्य प्रारंभ कर दिया गया, जो कि पूरी तरह से अवैध है। तथाकथित वायरल आडियो में भाजपा मंडल अध्यक्ष व टेड़ेसरा सरपंच खिलेश्वर साहू और कोपेडीह सरपंच द्वारा कंपनी से रुपये लेने की बात सामने आ रही है। दोनों ही पंचायतों के सरपंचों की मौन सहमति और मिलीभगत से यह कार्य कराया गया है, जिससे ग्रामीणों में भारी रोष है।

इस दौरान जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू, राजिक सोलंकी, राकेश चंद्राकर, पार्षद अमित कुशवाहा, पूर्व सरपंच देवलाल साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# डॉ. रमन सिंह के प्रयासों से 242.80 करोड़ की लमती फीडर डैम परियोजना को मिली स्वीकृति



**41 गांवों की खेती को मिलेगा नया जीवन**

राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव जिले के किसानों के लिए आज का दिन अत्यंत गर्व और उम्मीद से भरा है। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष एवं राजनांदगांव विधायक डॉ. रमन सिंह के सतत प्रयासों और पहल से 242.80 करोड़ रुपए की लागत से लमती फीडर डैम के माध्यम से कुल 41 गांवों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे हजारों किसान परिवारों की वर्षों पुरानी मांग पूरी होने जा रही है।

इस महत्वाकांक्षी योजना से खैरागढ़, छुईखदान और गंडई क्षेत्र के 2 गांवों के साथ-साथ राजनांदगांव जिले के 39 गांवों को सीधे लाभ मिलेगा। इन 39 गांवों में से 10 गांव अत्यंत सूखाग्रस्त घोषित हैं, जहां किसानों को लंबे समय से जल संकट का सामना करना पड़ रहा था। इन सूखाग्रस्त गांवों में बम्हनी, धनगांव, सुकुलदैहान, गातापार, बागतराई, डिलापहरी, धर्मापुर, ढाबा, बरगाही और लिटिया शामिल हैं।

डॉ. रमन सिंह ने इस योजना के स्वीकृति को राजनांदगांव जिले सहित समूचे अंचल के किसानों के लिए महत्वपूर्ण फैसला बताया और कहा कि 'यह सिर्फ सिंचाई योजना नहीं, बल्कि किसानों के भविष्य को सुरक्षित करने की एक ठोस पहल है। मेरा सदैव प्रयास रहा है कि प्रत्येक गांव, प्रत्येक खेत तक पानी पहुंचे और हर किसान के चेहरे पर संतोष की मुस्कान लौटे। इस डैम के निर्माण से 1840 हेक्टेयर कृषि भूमि को सिंचाई की सुविधा प्राप्त होगी। इससे जहां धान, गेहूं, दलहन और सब्जियों की खेती को बढ़ावा मिलेगा, वहीं कृषि आधारित आजीविका पर आश्रित परिवारों को आर्थिक मजबूती भी मिलेगी।

यह परियोजना न केवल जल संसाधन प्रबंधन में एक बड़ा कदम है, बल्कि 'समृद्ध गांव-सशक्त किसान' के संकल्प की दिशा में एक मजबूत आधारशिला है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने इस स्वीकृति के लिए राज्य एवं केंद्र सरकार के प्रति आभार प्रकट किया है और विश्वास जताया है कि जल्द ही इस पर निर्माण कार्य प्रारंभ होगा। इस परियोजना के संबंध में जल संसाधन विभाग द्वारा विस्तृत प्रस्तुतीकरण परियोजना समिति के समक्ष किया गया। विभाग द्वारा समिति को यह अवगत कराया गया कि यह डैम परियोजना खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के खैरागढ़ तहसील एवं विकासखण्ड के ग्राम लछनाटोला के समीप, आमनेर नदी पर प्रस्तावित है।

# आज विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन जिले के प्रवास पर



**विभिन्न कार्यक्रमों में होंगे शामिल**

राजनांदगांव (दावा)। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज 1 जुलाई को राजनांदगांव जिले के प्रवास पर रहेंगे। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह 1 जुलाई को सुबह 11.30 बजे स्पीकर हाऊस शंकर नगर रायपुर से कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 1 बजे राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम परमालकसा पहुंचकर शाला प्रवेश उत्सव एवं भूमि-पूजन व लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होंगे। विधानसभा अध्यक्ष दोपहर 2 बजे ग्राम परमालकसा से कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 2.30 बजे जिला पंचायत कार्यालय राजनांदगांव पहुंचकर नियुक्ति प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम में शामिल होंगे। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह दोपहर 3 बजे जिला पंचायत कार्यालय राजनांदगांव से कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 3.10 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव पहुंचेंगे एवं समय आरक्षित रहेगा। विधानसभा अध्यक्ष शाम 5.30 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव से कार द्वारा पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम राजनांदगांव पहुंचकर दैनिक भास्कर द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में शामिल होंगे। वे शाम 6 बजे पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम राजनांदगांव से कार द्वारा प्रस्थान कर शाम 6.10 बजे गायत्री विद्यापीठ केसर नगर राजनांदगांव पहुंचकर युवा योग कार्यक्रम में शामिल होंगे। विधानसभा अध्यक्ष शाम 7 बजे गायत्री विद्यापीठ केसर नगर राजनांदगांव से कार द्वारा स्पीकर हाऊस शंकर नगर रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

# आज प्रदेश में शिक्षकों की महाहड़ताल, 1.80 लाख शिक्षक स्कूल छोड़कर उतरेंगे सड़कों पर





**सरकार को चेतावनी- मांगें नहीं मानी तो करेंगे अनिश्चितकालीन तालाबंदी**

राजनांदगांव (दावा)। राज्य में शिक्षक आंदोलित हैं, आज 1 जुलाई को प्रदेशभर के 146 विकासखंडों में 1 लाख 80 हजार शिक्षक स्कूलों से गैरहाजिर रहकर सड़कों पर उतरेंगे और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करेंगे। शिक्षक साझा मंच छत्तीसगढ़ के नेतृत्व में यह आंदोलन होगा, जिसमें राज्य के 23 से अधिक शिक्षक संगठनों ने एकजुट होकर अपनी मांगों को लेकर आर-पार की लड़ाई का ऐलान किया है। शिक्षक मंच के संयोजक संजय शर्मा, मनीष मिश्रा, केदार जैन, वीरेंद्र दुबे, विकास राजपूत और जाकेश साहू ने बताया कि यह आंदोलन शिक्षिका सोना साहू को मिले न्याय के अनुरूप पूरे प्रदेश के शिक्षकों को लाभ न मिलने के विरोध में है। मांग की जा रही है कि सभी पात्र शिक्षकों को प्रथम नियुक्ति तिथि से क्रमोन्नति वेतनमान मिले, एरियर की राशि दी जाए और पुरानी पेंशन बहाल की जाए।

संयोजक मंडल में शामिल प्रमुख नेताओं में संजय शर्मा, मनीष मिश्रा, केदार जैन, वीरेंद्र दुबे, विकास राजपूत, कृष्ण कुमार नवरंग, राजनारायण द्विवेदी, जाकेश साहू, भूपेंद्र बनाफर, शंकर साहू, भूपेंद्र गिलहरे, चेतन बघेल, गिरीश केशकर, लैलूंन भरतद्वाज, प्रदीप पांडे, प्रदीप लहरे, राजकिशोर तिवारी, कमल दास मुरचले, प्रीतम कोशले, विक्रम राय, विष्णु प्रसाद साहू, धरम दास बंजारे, अनिल कुमार टोप्पो प्रमुख हैं।

**साझा मंच के बैनर तले 146 विकासखंडों में होगा धरना प्रदर्शन**

### शिक्षकों को हो रहा है बड़ा आर्थिक नुकसान

शिक्षक नेताओं कृष्ण कुमार नवरंग और राजनारायण द्विवेदी ने बताया कि सूरजपुर की शिक्षिका सोना साहू को उच्च न्यायालय के आदेश पर क्रमोन्नति वेतनमान और एरियर्स का लाभ मिला है, लेकिन अब तक सरकार ने समस्त शिक्षकों के लिए जनरल ऑर्डर जारी नहीं किया है। इससे हजारों शिक्षकों को हर माह 15 से 20 हजार रुपए का नुकसान हो रहा है।

### डीएडधारियों को भी मिले पदोन्नति का अवसर

भूपेंद्र बनाफर, शंकर साहू, भूपेंद्र गिलहरे, चेतन बघेल, गिरीश केशकर और अन्य पदाधिकारियों ने कहा कि डीएड योग्यता धारकों को व्याख्याता और प्राचार्य पदों पर पदोन्नति दी जाए। इसके साथ ही वर्तमान युक्तियुक्तिकरण प्रक्रिया में 2008 के सेटअप का पालन नहीं हुआ हैए जिससे 57 हजार से अधिक शिक्षक पद समाप्त हो गए हैं।

### सरकार को दी खुली चेतावनी

शिक्षक साझा मंच के नेताओं ने साफ कहा है कि यदि सरकार ने उनकी मांगों को हल्के में लिया, तो प्रदेशभर के स्कूलों में तालाबंदी होगी और सभी शिक्षक अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। इसके लिए पूरी जिम्मेदारी राज्य सरकार की होगी।

### पहले भी जताया विरोध

हड़ताल से पहले शिक्षक 15 से 30 जून तक काली पट्टी बांधकर स्कूल जाते रहे और शासन को शांत विरोध के जरिए चेताते रहे। लेकिन सरकार के उदासीन रवैये के चलते अब वे सड़कों पर उतरने को मजबूर हैं। साझा मंच ने सभी शिक्षकों से आंदोलन में 100 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज कराने की अपील की है।

# भाजपा के नेता 'दिया तले अंधेरा' की कहावत को चरितार्थ कर रहे है - छन्नी साहू



**जनहित कार्यों के प्रति लापरवाह है भाजपा के नेता**

छुरिया (दावा)। खुज्जी विधानसभा की पूर्व विधायक श्रीमती छन्नी चंदू साहू ने भाजपा नेताओं की कार्यशैली पर सवालिया निशान खड़ा करते हुए कहा कि जिस क्षेत्र में भाजपा के बड़े पदों में रहने वाले नेता निवास करते हैं उस क्षेत्र का हाल पूरी तरह बेहाल है इन नेताओं को जनहित कार्यों से कोई सरोकार नहीं है। ग्राम झिथराटोला स्थित पुल जो कि आसपास के क्षेत्र वासियों के लिए एक पुल मात्र आवागमन का साधन है जो बहुत सारे गांव को एक दूसरे से जोड़कर रखता है यह पुल भाजपा के शासनकाल में जब रमन सिंह मुख्यमंत्री हुआ करते थे तब निर्माण किया गया था वह भ्रष्टाचार के भेंट चढ़ते हुए महज 8 वर्षों में ही पूरी तरह बह चुका है इस गांव के आसपास भाजपा के बड़े पदों में रहने वाले नेता भी निवास करते हैं अगर वह चाहते तो बारिश के पूर्व ही इस पुल के निर्माण के लिए मांग कर पुनः निर्माण कर सकते थे।

यह क्षेत्र आज एप्रोच रोड के भरोसे चल रहा है जो कि इस बारिश में कभी भी बह सकता है इस क्षेत्र में रहने वाले भाजपा नेताओं का काम, कांग्रेस शासन में मेरे द्वारा किए गए जनहित निर्माण कार्यों का फीता काटना और फोटो खिंचवाना रह गया है। वर्तमान भाजपा के शासन काल में इन नेताओं द्वारा कोई भी जनहित कार्य कि स्वीकृति नहीं की जा रही है। आज मेरे साथ-साथ जिला कांग्रेस प्रवक्ता राहुल तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष रितेश जैन, कार्यकारी अध्यक्ष राजू सिन्हा, पूर्व एल्डर मेन शकील कुरैशी सहित समस्त ग्रामवासियों के उपस्थिति में पुल का निरीक्षण किया गया हैं जो कि पूरी तरह जर्जर है कभी भी कोई बड़ा हादसा होने की संभावना है। हमने ग्रामवासियों को पूरी तरह आश्वस्त किया है कि उनके अधिकार का हक हम उन्हें दिला कर रहेंगे। मजबूत विपक्ष की भूमिका निभाते हुए हम उक्त पुल निर्माण की मांग शासन से करेंगे।

# मंत्रिमंडल में लिए गए फैसले किसानों एवं जनता के हित में लाभकारी होंगे - सचिन बघेल



राजनांदगांव (दावा)। केंद्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष सचिन बघेल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट की बैठक में लिए गए निर्णय का हृदय से स्वागत करते हुए कहा कि इससे किसानों में एवं जनता में हर्ष की लहर है, क्योंकि मंत्रिमंडल की बैठक में कृषक उन्नति योजना के प्रचलित निर्देशों को संशोधित करते हुए इसके दायरे को बढ़ाया गया है, अब इस योजना का लाभ खरीफ 2025 में धान उत्पादक किसानों के साथ-साथ पंजीकृत ध्यान फसल के स्थान पर अब दलहन, तिलहन, मक्का आदि की फसल लगाने वाले किसानों को भी इसका लाभ मिलेगा।

श्री बघेल ने कहा कि करीब 2024 में पंजीकृत कृषक जिन्होंने धान की फसल लगाई थी और समर्थन मूल्य पर धान बेचा था उनके द्वारा खरीफ 2025 में धान फसल के स्थान पर दलहन तिलहन मक्का आदि फसल की खेती की जाती है तो उन्हें भी कृषक उन्नति योजना के तहत सहायता राशि प्रदान की जाएगी। उन्होंने मंत्रिमंडल के इस निर्णय पर हर्ष व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का आभार व्यक्त किया है।

# आज योगासन स्पोर्ट्स प्रतियोगिता का सांसद संतोष पाडे करेंगे शुभारंभ

**○ सुबह 09 बजे गायत्री विद्यापीठ, केशर नगर में दीप प्रज्वलन से होगा शुभारंभ**

**0 विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह करेंगे पुरुस्कार वितरण**

राजनांदगांव (दावा)। जिला राजनांदगांव योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा आज 1 जुलाई, मंगलवार को स्थानीय गायत्री स्कूल में योगासन स्पोर्ट्स प्रतियोगिता रखी गई है। जिला योगासन स्पोर्ट्स एसो. के अध्यक्ष हेमंत तिवारी ने बताया कि योगासन स्पोर्ट्स प्रतियोगिता सुबह 9:00 बजे गायत्री स्कूल में दीप प्रज्वलन कर प्रारंभ किया जाएगा। जिसमें जिले के लगभग 150 खिलाड़ी बच्चे भाग लेंगे। चार विधाओं में आयोजित योगासन के खेल इस ओपन चैपियनशिप में होंगे। इसमें से चयनित खिलाड़ी संभाग, राज्य स्तरीय और राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट में भाग अपनी योग्यता के आधार पर चयनित होकर भाग लेंगे।

जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव लक्ष्मण लोहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ आज 01 जुलाई मंगलवार सुबह 09 बजे सांसद संतोष पाण्डे के मुख्य आतिथ्य में, नीलू शर्मा अध्यक्ष पर्यटन मण्डल, एनवायएसएफ स्टेट सचिव मेजर सिंह, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल, समाजसेवी बृजकिशोर सुरजन, समाजसेवी अप्पू बोहरा, क्रीड़ाधिकारी टोप्पो अतिथियों द्वारा किया जायेगा।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि विधानसभा स्पीकर डॉ. रमन सिंह, एनवायएसएफ स्टेट अध्यक्ष जयंत भारती गोस्वामी, महापौर मधुसूदन यादव, कलेक्टर नरेंद्र सर्वेश्वर भूरे होंगे।

इस प्रतियोगिता के प्रभारी राकेश ठाकुर ने बताया प्रतियोगिता की सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है, इस संबंध में एक बैठक में राकेश ठाकुर, लक्ष्मण लोहिया, शैलेंद्र तिवारी, अम्लेंदु हाज़रा, प्रतिक चोपड़ा, शशि जानी एवं हेमंत तिवारी, सौरभ खंडेलवाल शामिल हुए। खेल से जुड़े लोगों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित हो खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करें।

प्रतिक चोपड़ा ने जानकारी दी कि रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया को इस बार ऑनलाइन किया जा रहा है। उक्त जानकारी प्रतियोगिता के प्रचार प्रभारी अधिवक्ता अम्लेंदु हाज़रा ने दी।

# गीत संगीत और प्रस्तावना वाचन के साथ हुआ धम्म क्लास का समापन



**प्रशिक्षकों और छात्रों का किया गया सम्मान**

राजनांदगांव (दावा)। हाथों में पंचशील के झंडे और संविधान की पुस्तक के साथ मंच पर डांस कर अपनी भावना और प्रतिभा प्रदर्शित करते बच्चों ने आज कार्यक्रम में खूब तालियां बटोरी। डॉ. आम्बेडकर भवन में आयोजित धम्म क्लास समापन का समापन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें छात्रों के सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ धम्म परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया। बौद्ध कल्याण समिति राजनांदगांव द्वारा 27 अप्रेल से 15 जून तक धम्म क्लास का आयोजन किया गया जिसमें समाज के स्कूल और कालेज के बच्चों को भगवान बुद्ध के धम्म, समण संस्कृति, नाग, मौर्य और शाक्य राजाओं के इतिहास, बहुजन महामानवों के संघर्ष की जानकारी दी गयी। समापन समारोह में मुख्य प्रशिक्षक बौद्धाचार्य प्रवीण नोन्हारे ने कहा कि धम्म क्लास भगवान बुद्ध की संस्कृति और इतिहास को संजोने का अभिनव प्रयास है। दो वर्षों से समाज के छात्रों को अपनी प्रतिभा और शिक्षा प्रदर्शित करने का एक नया मंच धम्म क्लास के रुप में मिला।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आर.के. गजभिये ने धम्म क्लास की आवश्यकता बताते हुए कहा कि समाज की आने वाली पीढी को धम्ममय बनाने के लिए आज से ही प्रयास करना होगा और धम्म क्लास के रुप में यह प्रयास सार्थक पहल है। विशिष्ट अतिथि राजू बारमटे ने कहा कि प्रशिक्षकों ने बच्चों को धम्म की शिक्षा देने के का सराहनीय कार्य किया है। यदि हम अपने बच्चों को धम्म के बारे में नहीं बतायेंगे तो वो धम्म की राह पर जायेंगे। विशिष्ट अतिथि वीरेन्द्र रंगारी ने बच्चों को के.सी.भारद्वाज की गाथा का प्रसंग बताया कि भगवान बुद्ध के विचार सबके लिए क्यों आवश्यक है। विशिष्ट अतिथि नीतु अनोखे ने कहा कि हम शिक्षा के माध्यम से बड़ी-बड़ी डिग्री भले ही प्राप्त कर ले लेकिन हमारे मन में सत्य, अहिंसा और करुणा की भावना का होना बहुत आवश्यक है। इससे आप हमेशा आगे बढ़ते रहेंगे। कार्यक्रम में बौद्ध कल्याण समिति के मीडिया प्रभारी विनोद श्रीरंगे ने भी अपने विचार रखे।

कार्यक्रम का संचालन धम्म क्लास के दो छात्र नंदनी गजभिये और अभिनव कठाने ने किया। नंदनी गजभिये ने बाबा साहब के विचारों को प्रस्तुत करते हुए सभी कार्यक्रमों का बहुत ही अच्छा संयोजन किया। कुशल मंच संचालन के लिए नंदनी गजभिये और अभिनय कठाने को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में छात्रा नंदनी उके, नंदनी गजभिये और राखी मेश्राम ने बुद्ध वंदना कराया। छात्रा प्राची गढ़पायले, पाखी गढपायले, नुपुर बोरकर, मानवी रंगारी, अनन्या मेश्राम ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन कराया तथा कबीर के दोहे सुनाये। नेहा श्यामकुंवर, मुस्कान बोरकर, याशी टांडेकर, अभिनय कठाने, चिराग डोंगरे, यश गढपायले, मानवी रंगारी, प्राची गढपायले, पाखी गढपायले, अनन्या मेश्राम, सोनाली खोब्रागढे, अंकिता सोनटेके, डिम्पी कापसे, किंजल मेश्राम ने भीम गीतों पर अपनी प्रस्तुति दी। यामिनी गजभिये बाबा साहब पर शायरी प्रस्तुत की। अर्हत नोन्हारे और सौम्य नोन्हारे ने भगवान बुद्ध के सुत्त की माध्यम से अपने विचार रखे। धम्म क्लास 2025 की परीक्षा में प्रथम स्थान पर रहे अभ्यूदय बोरकर द्वितीय स्थान नंदनी उके, अभिनय कठाने और तृतीय स्थान पर प्राची गढपायले को सम्मानित किया गया। खेल स्पर्धा में प्रथम स्थान सौम्य नोन्हारे, अभिनय कठाने और हर्षिता गजभिये को सम्मानित किया गया। धम्म क्लास के प्रशिक्षक प्रवीण नोन्हारे, सुनीता शेंडे, मनीषा भिमटे, विजय रंगारी, प्रशांत सुखदेवे, सुप्रिया खोब्रागढे और नीति दामले को भी स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। बौद्ध कल्याण समिति नवागांव के प्रमोद मेश्राम, सरोज दुफारे, विजय मेश्राम, अनिल भालेकर को निःशुल्क आटो लगाया गया, जयश्री खोब्रागढे, माया निकोसे, सुनीता शेंडे, मनीषा भिमटे, नूतन दामले, नीति दामले, रविता लकड़ा, संगीता बोरकर, बुद्ध मित्रा वासनिक, नीतु अनोखे, अनामिका लेंझारे, चंद्रश्री दामले, भाग्यश्री मेश्राम, गणेश रामटेके द्वारा धम्म क्लास के लिए स्वल्पाहार भेंट किया गया। धम्म क्लास में संदीप सुखदेवे ने सहयोग किया। महिला सशक्तिकरण संघ राजनांदगांव की ओर सभी छात्रों को कापी और पेन भेंट किया।

धम्म क्लास के छात्रों के लिए मेघा रामटेके बेल्जियम पिता यु.के. रामटेके और आर.के. गजभिये द्वारा पांच-पांच हजार रुपये की राशि भेंट की गई।

# आचार्य श्री के दीक्षा दिवस महोत्सव पर विशेष 57 वृक्ष रोपण संस्कार संपन्न हुआ



राजनांदगांव (दावा)। आज 30 जून 2025 आषाढ़ शुक्ल पक्ष पंचमी शुभ रविवारीय, 1008 श्री मुनि सुब्रतनाथ प्रभु भगवन के परम आशीर्वाद से श्री सौभाग्यम तीर्थ प्रणेता श्री 105 आर्यिका गणिनीप्रमुख, वाणी सिद्धिदात्री सौभाग्यमति माताजी के आदेश अनुरूप समाधि सम्राट संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर जी महाराज का 57 दीक्षा दिवस महोत्सव है। आचार्य श्री के दीक्षा दिवस महोत्सव पर विशेष 57 वृक्ष रोपण संस्कार दिनांक 30 जून 2025 आषाढ़ शुक्ल पक्ष पंचमी शुभ रविवारीय, 1008 श्री मुनिसुब्रतनाथ प्रभु भगवन के परम आशीर्वाद से श्री सौभाग्यम तीर्थ प्रणेता श्री 105 आर्यिका गणिनीप्रमुख, वाणी सिद्धिदात्री सौभाग्य मति माताजी के आदेश अनुरूप राजनांदगांव के समीप ठाकुरटोला स्थित तीर्थ निर्वाण में अतिथि प्रमुख पूर्व कैबिनेट मंत्री खूबचंद पारख (छत्तीसगढ़), ट्रस्टी जन श्री सौभाग्यम तीर्थ क्षेत्र संतोष काला, मनीष सोगानी, मनीष बडजात्या, सुबोध छाबड़ा, धमसैया सुधेश जैन, धमसैया राकेश जैन, अशोक झाँझरी, विक्की झांझरी, संदीप लोहाडिया, संजीव कासलीवाल, आदर्श महिला मंडल राजनांदगांव, पार्षद रानू जैन, पूर्व नेताप्रतिपक्ष किशुन यदु, समाजसेवी नेमीचंद बैद, जैन समाज के जनमान्यगण उपस्थित रहे, जिसमें सभी के सहयोग से वृक्षारोपण किया गया है। जो कि विभिन्न प्रकार के वृक्ष जिसमें नीम, जामुन, तेज पान, मौलश्री, आम, अशोक प्रमुख औषधि प्रकार के रोपण किये गए है।

## अनमोल दावा

**समय जब पलटता है तो सबकुछ पलट देता है इसलिए, अच्छे समय में घमंड ना रखे और बुरे वक्त में सब्र रखना ना छोड़े !**

## देश और सरकार विरोध में भेद करें कांग्रेस, देश हित के मुद्दों पर तो एकजुटता दिखाए

देशों में और वैश्विक स्तर पर भी ये वर्तमान सत्ता की जगह अपने मनमाफिक व्यवस्था कायम करना चाहते हैं। लगता है कि राहुल गांधी को किसी ने यह समझा दिया है कि भाजपा नरेन्द्र मोदी संघ हिंदुत्व और उससे संबद्ध भारतीय राष्ट्र के सोच के विरुद्ध लगातार हमलावर रुख से उनका समर्थन बढ़ेगा और सत्ता में वापसी होगी।

वर्तमान में कांग्रेस संतुलित एवं सामान्य राजनीतिक गतिविधियों वाली पार्टी नहीं दिख रही। राहुल गांधी और उनके सलाहकार-रणनीतिकार, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे आदि के वक्तव्य-क्रियाकलाप देखकर ऐसा ही लगता है। कई कांग्रेस नेताओं की भी ऐसी ही धारणा है कि उनकी पार्टी की दशा-दिशा और रीति-नीति वह है ही नहीं, जो कांग्रेस की होनी चाहिए।

पिछले दिनों मणिशंकर अय्यर ने कहा था कि आज की कांग्रेस न पं. नेहरू की कांग्रेस है, न इंदिरा गांधी की और यह राजीव गांधी की भी कांग्रेस नहीं है। यह सच है कि कांग्रेस मुख्य विपक्षी दल है। इस कारण सरकार के फैसलों की निर्मम समीक्षा और विभिन्न मुद्दों पर आक्रामक होकर उसे घेरना कांग्रेस का कर्तव्य है, लेकिन जब बात देश हित की आए तो पार्टी से उम्मीद की जाती है कि वह सामान्य परिपक्वता दिखाएगी, परंतु कांग्रेस इसके ठीक उलट विरोध के नाम पर अतिवादी आचरण करती दिख रही है। यह स्वस्थ लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है।

ऐसा लगता है कि राहुल गांधी देश के अंदर युद्ध लड़ रहे हैं और भारत में राजनीतिक बदलाव के लिए विदेश से समर्थन पाने की कोशिश में लगे हैं। वे विदेश में भारत की ऐसी डरावनी तस्वीर प्रस्तुत करते हैं जैसे देश में धर्म, अभिव्यक्ति, राजनीतिक गतिविधियों और अन्य वैयक्तिक स्वतंत्रताओं को सत्ता के दुरुपयोग से नष्ट कर दिया गया है।

सोनिया गांधी ने हाल में एक अंग्रेजी दैनिक में लिखे आलेख में ईरान-इजरायल युद्ध में सरकार की नीति की आलोचना करते हुए मांग की कि केंद्र सरकार को इस पर मुंह खोलना चाहिए। उनके कहने का आशय था कि भारत को ईरान के साथ खड़ा होना चाहिए। इजरायल-हमास संघर्ष के दौरान भी कांग्रेस फलस्तीन के बहाने हमास और उसकी समर्थक इस्लामिक शक्तियों के साथ खड़ी दिखी, किंतु उसने हमास द्वारा निरपराध इजरायलियों की हत्या पर एक शब्द नहीं बोला।

आपरेशन सिंदूर के बाद दुनिया में पाकिस्तान को बेनकाब करने के लिए भारत सरकार ने सात सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल विभिन्न देशों में भेजे। इसमें कांग्रेस के भी सदस्य थे। हैरानी की बात है कि कांग्रेस के रणनीतिकारों ने अपने ही सदस्यों शशि थरूर, सलमान खुर्शीद, मनीष तिवारी के चरित्र हनन का प्रयास किया। अपने ही नेताओं के वक्तव्यों और भूमिका पर लगातार कटाक्ष से बड़ा अतिवाद क्या हो सकता है?

थरूर के विरुद्ध तो पार्टी के अंदर ऐसा अभियान चल रहा है जैसे उन्होंने कांग्रेस से गंभीर विश्वासघात कर दिया है। आपरेशन सिंदूर के बाद देश के अंदर भी एक बड़ा दुष्प्रचार अभियान चला, जो आज तक जारी है। राहुल गांधी यहां तक कहने लगे कि ट्रंप ने फोन किया और प्रधानमंत्री ने युद्ध विराम कर दिया। उन्होंने इसकी कोई चिंता नहीं की कि इससे भारत की कमजोर देश की छवि बनती है, जो अमेरिका के दबाव में पाकिस्तान जैसे आतंकवाद को प्रायोजित करने वाले देशों के विरुद्ध भी कार्रवाई से पीछे हट सकता है।

राहुल गांधी चुनाव आयोग जैसी संस्था को भी भाजपा का आदेशपालक साबित करने के लिए हर सीमा लांघ चुके हैं। महाराष्ट्र चुनाव परिणाम के किसी तथ्यात्मक आंकड़े और उत्तर से उनका लेना-देना नहीं है। ईवीएम के विरुद्ध दुनिया भर में अभियान और भारत की चुनाव प्रणाली को बदनाम करना इन दिनों कांग्रेस के एजेंडे में सबसे ऊपर दिख रहा है। जबकि सुप्रीम कोर्ट भी इस पर सुनवाई कर चुका है। बावजूद इसके कांग्रेस के रवैये में बदलाव नहीं आ रहा है। क्या कांग्रेस यह सब अनजाने में कर रही है या इसके पीछे उसकी कोई सोची-समझी दूरगामी नीति और योजना है? मुस्लिम वोट पाने और उसे बनाए रखने की उसकी रणनीति तो साफ है, पर लगता है यह यहीं तक सीमित नहीं है। एक समय दुनिया भर में हिंसक क्रांति से सत्ता परिवर्तन करने या सत्ता पर कब्जा करने की राजनीति करने वाली वामपंथी पार्टियां इसी तरह दुष्प्रचार से छवि बनाती थीं कि संपूर्ण सत्ता कुछ लोगों, पूंजीपतियों की गिरफ्त में है।

न्याय पालिका, कार्यपालिका सब एक होकर उसका साथ दे रही हैं। आमजन शोषण-दमन के शिकार हो रहे हैं, उनके अधिकार कुचले जा रहे हैं। संविधान और कानून के कोई मायने नहीं रह गए हैं। लोगों में असंतोष पैदा कर विद्रोह के लिए उकसाना और फिर खूनी क्रांति एवं सरकारों को सत्ता से बेदखल करने तक अभियान चलता रहता था। ऐसा प्रतीत होता है कि जाति जनगणना, संपत्ति सर्वे, समान बंटवारा की बात कर राहुल गांधी इसी तरह लोगों में असंतोष पैदा करना चाहते हैं।पिछले कुछ वर्षों में दुनिया भर में नए प्रकार का लेफ्टिज्म उभरा है। पूर्व कम्युनिस्टों से विपरीत इसमें विश्व भर के बड़े-बड़े पूंजीपति, वैश्विक संस्थाएं, थिंक टैंक, देशों की सत्तारूढ़ या विपक्ष की पार्टियां हैं। एक बड़ी इस्लामी लाबी भी इसमें है। इसकी धार्मिक, अभिव्यक्ति, वैयक्तिक स्वतंत्रता से लेकर शासन, समाज, पर्यावरण, सेवा, शिक्षा, स्वास्थ्य, उपभोग आदि को लेकर अपनी योजनाएं हैं।देशों में और वैश्विक स्तर पर भी ये वर्तमान सत्ता की जगह अपने मनमाफिक व्यवस्था कायम करना चाहते हैं। लगता है कि राहुल गांधी को किसी ने यह समझा दिया है कि भाजपा, नरेन्द्र मोदी, संघ, हिंदुत्व और उससे संबद्ध भारतीय राष्ट्र के सोच के विरुद्ध लगातार हमलावर रुख से उनका समर्थन बढ़ेगा और सत्ता में वापसी होगी।


# रोगी के लिये स्वस्थ जीवन की मुस्कान देते हैं डॉक्टर्स

ललित गर्ग



**स्वस्थ जीवन हर किसी की सर्वोच्च जीवन प्राथमिकता होता है। कहा भी गया है कि, 'सेहत सबसे बड़ी पूंजी' है। स्वस्थ व्यक्ति ही जीवन को सही तरह से एन्जॉय करते हुए उसे सफल एवं सार्थक बना सकता है और इसमें डॉक्टर्स की भूमिका बहुत अहम होती है। छोटी-बड़ी हर तरह की बीमारियों को डॉक्टर्स की मदद से ठीक किया जा सकता है। शायद इसलिए ही इन्हें भगवान का दर्जा मिला हुआ है। राष्ट्रीय डॉक्टर्स दिवस प्रसिद्ध डॉक्टर और बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री डॉ. बिधानचंद्र राय के सम्मान में मनाया जाता है। वैसे तो दुनियाभर के अलग-अलग देशों में डॉक्टर्स डे को अलग-अलग दिन मनाया जाता है, लेकिन भारत में इस दिन को 1 जुलाई को इसलिये मनाया जाता है क्योंकि 1 जुलाई 1882 में भारत के प्रसिद्ध फिजीशियन डॉ. राय का जन्म हुआ था और उनका निधन भी 1 जुलाई को ही साल 1962 में हुआ था। चिकित्सा क्षेत्र में उनके योगदान को सम्मान देने के मकसद से डॉक्टर्स डे मनाने की शुरुआत की गई थी। यह दिन उन डॉक्टरों को समर्पित होता है जो हमारी सेहत का ध्यान रखते हुए हमें नया जीवनदान देते हैं। साथ ही हमें बीमारियों से बचाने में मदद करते हैं। हल्का सा भी हम अगर बीमार पढ़ते हैं तो तुरंत ही डॉक्टर के पास भागते हैं।**

**2025 की थीम है 'मास्क के पीछे: देखभाल करने वालों की देखभाल' उन लोगों की देखभाल की आवश्यकता को उजागर करती है जो हमारी देखभाल करते हैं। यह थीम इस तथ्य की ओर ध्यान आकर्षित करती है कि दूसरों की सेवा करते समय, डॉक्टर अक्सर अपने मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य की उपेक्षा करते हैं।**



*आज राष्ट्रीय डॉक्टर्स दिवस पर विशेष*

इस थीम का उद्देश्य बेहतर कार्य परिस्थितियां, मानसिक स्वास्थ्य सहायता और समाज से उनके लिए उचित सम्मान सुनिश्चित करना है। बहुत से लोग इस दिन का उपयोग अपने देश में डॉक्टर्स द्वारा किए गए अद्भुत कार्यों का सम्मान करने के लिए करते हैं। एक डॉक्टर मरीज को स्वस्थ करते हुए आशा नहीं खोता-वह हर चुनौती का जोरदार मुस्कान के साथ सामना करता है, चाहे परेशानी एवं बीमारी कितनी भी गंभीर क्यों न हो। वास्तव में डॉक्टर्स की निःस्वार्थता एवं सेवाभावना उन्हें रोगियों के लिए स्वर्गदूत बनाती है, एक फरिश्ते के रूप में वे जीवन का आश्वासन बनते हैं और उनका बलिदान-योगदान उन्हें मानवीय सेवा का योद्धा बनाता है। डॉक्टर्स डे डॉक्टरों द्वारा समुदायों के उपचार, सुरक्षा और समर्थन में अक्सर बड़ी व्यक्तिगत कीमत पर निभाई जाने वाली महत्वपूर्ण भूमिका का सम्मान करता है। डॉक्टर्स न केवल महामारी या संकट के दौरान बल्कि हर दिन, गांवों, कस्बों और शहरों में मेडिकल प्रोफेशनल्स द्वारा निभाई जाने वाली भूमिका की सार्वजनिक स्वीकृति के रूप में कार्य करता है। सामान्य चिकित्सकों से लेकर विशेषज्ञों और सर्जनों तक, यह दिन उन सभी का सम्मान करता है जिन्होंने उपचार और सेवा करने की शपथ ली है। इस दिवस पर मरीज और समुदाय भी कृतज्ञता और आशा की कहानियां साझा करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा ले रहे हैं। जैसाकि भारत नई सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौतियों का सामना कर रहा है, राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस एक उत्सव और एक ऐसी प्रणाली बनाने के लिए कार्रवाई का आह्वान है, जहां डॉक्टरों को न केवल देखभाल करने वाले के रूप में सम्मानित किया जाता है, बल्कि बदले में उनकी सुरक्षा, सम्मान और देखभाल भी की जाती है। डॉक्टर कई महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाते हैं जो सिर्फ बीमारी का निदान और उपचार करने से कहीं आगे तक फैली हुई हैं। उनके काम में चिकित्सा ज्ञान, चिकित्सा नवाचार, संचार और करुणा का संयोजन शामिल है ताकि रोगियों को पूरी तरह से सहायता मिल सके, नये भारत-सशक्त भारत के निर्माण में उनकी सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका है।

डॉक्टरों की भूमिकाएं उनके काम करने के स्थान के आधार पर अलग-अलग होती हैं। अस्पतालों में, वे विशेष उपचार या आपातकालीन देखभाल पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं। क्लीनिकों और ग्रामीण केंद्रों में, वे अक्सर सामान्य स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करते हैं, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि चिकित्सा सहायता दूरदराज के क्षेत्रों में लोगों तक पहुँचे। इन विविध जिम्मेदारियों के माध्यम से, डॉक्टर व्यक्तिगत और सार्वजनिक स्वास्थ्य में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं, तथा हर दिन सकारात्मक बदलाव लाते हैं। भारत चिकित्सा नवाचार और प्रौद्योगिकी में वैश्विक नेता है। भारत देश केवल एक विशाल आबादी वाला देश नहीं है, बल्कि इसने चिकित्सा-क्रांति को घटित करते हुए दुनिया में चिकित्सा-सेवा के नये दीप प्रज्वलित किये हैं। डॉक्टर बनना आसान नहीं है, फिर भी आप इसे बड़ी सहजता से और हमेशा मुस्कुराते हुए करते हैं। हर कोई डॉक्टर नहीं बन सकता क्योंकि हर किसी के पास मरीजों को निस्वार्थ भाव से अपनी सेवाएं देने के लिए ज्ञान, कौशल और धैर्य नहीं होता।

हर बीमारी के लिये एक एक्सपर्ट होता है। अगर आपको सर्दी-जुकाम, खांसी, बुखार या फिर मौसमी बीमारी ने जक? लिया है तो आपको फिजिशिनय या जनरल फिजिशियन से मिलना चाहिए। वहीं आंख, कान, नाक, टॉन्सिल, सिर या गर्दन की समस्या के लिये ईएनटी स्पेशलिस्ट होते हैं। ये साइनस का भी इलाज करते हैं। अगर आपको दिल से जुड़ी कोई दिक्कत है तो कार्डियोलॉजिस्ट के पास जाना बेहतर होता है। कोलेस्ट्रॉल लेवल के बढ़ने पर आप इन डॉक्टर के पास जाएं। इसके अलावा अगर आप तनाव में रहते हैं तो साइकोलॉजिस्ट से मिलना होता है। कैंसर की बीमारी के लिये आपको ओन्कोनोजिस्ट के पास जाना चाहिए। अगर आपको आंखों में कोई समस्या है, जलन, खुजली, रेडनेस या इन्फेक्शन से जूझ रहे हैं तो इसके लिए नेत्र रोग विशेषज्ञ के पास जाएं। प्रेग्नेंसी से लेकर डिलीवरी, या फिर ब्रेस्ट, यूटीआई, पीरयड्स, की समस्या हो रही है तो गायनोकोलॉजिस्ट की मदद लें। दिमागी बीमारी के लिये न्यूरोलॉजिस्ट के पास जाने की सलाह दी जाती है। कई बार सही डॉक्टर से समय पर इलाज न मिलने की वजह से भी बीमारी और बढ़ जाती है। शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं मानवीयता जैसे सभी पहलुओं के माध्यम से रोगी की देखभाल करने एवं उनको स्वस्थ बनाने के लिए अनुभवी एवं विशेषज्ञ डाक्टरों की सेवाएं वरदान है। डॉक्टर्स भगवान का रूप होते है, वे ही इंसान के जन्म के पहले साक्षी बनते हैं और उनमें करुणा एवं स्वस्थता का बीज बोते है। एक रोगी को स्वस्थ करने में वे अपना सब कुछ हंसते हुए दे देते हैं, चाहे उनका अपना पारिवारिक सुख हो, करियर हो, जीवन की खुशियां हो या सपने हों, सबकुछ झोंक देते है।

डॉक्टर्स अपने सुख-दुख को त्याग कर मरीजों के लिए जीते हैं, समाज को रोगमुक्त रखने में अहम भूमिका निभाते हैं, कोविड संक्रमण के दौरान डॉक्टर्स ही थे, जो एक योद्धा की तरह हर मुश्किल घड़ी में अपनी जान की परवाह किये बिना मरीजों के साथ घंटों लगातार ड्यूटी कर रहे थे। कई डॉक्टर्स ने अपनी जान भी गंवा दी। इन डॉक्टर्स के बलिदान को भी आज के दिन याद किया जाता है। डॉक्टरों की सेवाएं बहुत महत्वपूर्ण हैं क्योंकि वे बीमारियों का निदान, उपचार और रोकथाम करते हैं, जिससे लोगों का स्वास्थ्य और कल्याण सुनिश्चित होता है। वे आपातकालीन स्थितियों में जीवन रक्षक सहायता प्रदान करते हैं और बीमारियों के बारे में जागरूकता फैलाते हैं। डॉक्टर लोगों को स्वस्थ जीवनशैली के बारे में शिक्षित करते हैं, जिससे वे अपनी बीमारियों को बेहतर ढंग से समझ सकते हैं और उनका प्रबंधन कर सकते हैं। डॉक्टर मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे लोगों को सहायता और उपचार प्रदान करते हैं। डॉक्टर स्वास्थ्य अभियानों और कार्यक्रमों में भाग लेकर समुदायों में स्वास्थ्य को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। डॉक्टर स्वास्थ्य सेवा प्रणाली का एक अभिन्न अंग हैं और समाज के समग्र कल्याण में योगदान करते हैं। आम दिन हो या महामारियों के खिलाफ जंग, ये डॉक्टर्स बिना किसी डर के सहजता और उत्साह से अपने कर्तव्य का पालन करते हैं। इसलिए नहीं कि यह उनका काम है और उसके लिए उन्हें पैसे मिलते हैं। इसलिए कि वे सबसे पहले दूसरों के स्वस्थ होने और उनकी जान की फिक्र करते हैं, ऐसी मानवीय सेवाएं देने वाले इन डॉक्टर्स रूपी अद्भुत फरिश्तों के सम्मान, कल्याण एवं प्रोत्साहन का चिन्तन अपेक्षित है। उससे निश्चित ही डॉक्टर्स की सेवाएं अधिक सक्षम, प्रभावी एवं मानवीय होकर सामने आयेगी।

ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट
25 आई. पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली-92
फोन: 22727486, 9811051133

## विचार सरिता

# हॅसी के किस्से : मौसम है आशिकाना हमको आज दफ्तर नहीं है जाना

डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय



बारिश के दिनों में आसमान में दिन भर बादल छाए रहते हैं। हवा में ठंडक रहती है। धूप गायब हो जाती है। और जहाँ भी सूर्यदेव आसमान में दिखाई दें, उनके रजत प्रकाश से किसी हीरे की अंगूठी के चमकने का सा भ्रम होता है। अगर सूर्यदेव एक-दो घंटे के लिए भी रह गए, तो मौसम में उमस और गर्मी बढ़ने लगती है।

आज सुबह से पानी बरस रहा है। पानी की बूंदे रिमझिम फुहारों के रूप में हैं। कवि कुमार दफ्तर नहीं जाने के मूड में हैं। उन्होंने व्हाट्सएप पर सेल्फ मैसेज टाईप किया:-

आज मौसम है बड़ा आशिकाना,
हमको आज दफ्तर नहीं है जाना,
आज हम घर में ही दुबके रहेंगे,
खाके पकौड़े, बारिश का मजा लेंगे।
मंजूर करो छुट्टी आज की बॉस मेरी
वर्षा में भीगे तन मन, मस्ती ढेर सारी।

दरअसल कवि कुमार ने संदेश तो टाईप किया था, सेल्फ मैसेज भेजकर एक हास्य कविता बनाने के लिए, लेकिन न जाने कैसे वह मैसेज बॉस को प्रेषित हो गया।

कवि इस त्रुटि से अनभिज्ञ थे, और वे तब चैतन्य हुए, जब अचानक बॉस का रिप्लाई आ गया:-

आज दफ्तर में, अधिक काम का होना
आज तो दफ्तर जरूर जरूर है आना।
काम करके लो मजा, मौसम आशिकाना
छुट्टी नहीं मिलेगी, इस बात को समझना।

## शब्द सामर्थ्य -095

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. राजद प्रमुख 6. रखवाला, रक्षा करने वाला 7. दयालु, रहम करने वाला (उ.) 10. युग्म, जोड़ा, एक राशि, एक फिल्म अभिनेता 13. कैदखाना, जेल, हिरासत 15. जानकी, जनकनंदनी 17. व्यर्थ की बात, बकबक 18. नारी, स्त्री, महिला 21. विक्रय करना 22. वाणी, कथन, वादा 24. ताश में दस अंकों वाला पत्ता 25. नगर का, नागरिक, चतुर।

**ऊपर से नीचे**
1. बेफ्रिक, निश्चिंत, जिसे कोई परवाह न हो 2. मूर्ति 3. दोस्त, प्रेमी 4. कुशल, विशेषज्ञ 5. बगुला 8. झुका हुआ, झुकाया गया, नत 9. इधर-उधर, पास पड़ोस 11. किस्मत, तकदीर, भाग्य 14. बंदर, मर्कट, कपि 16. शक्तिशाली, बलवान 18. संतान, संतति 19. अस्तबल, घुड़साल 20. राजी करना, रूठे हुए को प्रसन्न करना 23. सरिता, नदिया, नद।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 094 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मा | म | ला | | सि | वा | य | | कि |
| लि | | चा | ह | त | | म | म | ता |
| क | सू | र | | म | ग | न | | ब |
| | र | | | | द | | | |
| क | मा | न | | पा | र | स | | स |
| मी | | म | जा | ल | | न | क | ली |
| ना | दा | न | | ना | र | द | | का |
| | मि | | | | तीं | | | |
| सु | नी | ल | | अ | धी | र | | जी |

## सू- दोकू क्र. 095

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | 7 | | | | 2 | 1 |
| 2 | | | | 9 | | 4 | | |
| | 7 | | 1 | | | | 5 | |
| | | 1 | | 5 | | 2 | | 7 |
| | 5 | | | | 4 | | | |
| | | 4 | | 1 | | 8 | | 5 |
| | | | | | 1 | | | |
| 1 | | 5 | | 3 | | 9 | | |
| | 2 | | 6 | | 5 | | 1 | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.094 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 4 | 7 |
| 3 | 2 | 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 9 | 1 |
| 7 | 6 | 9 | 5 | 2 | 1 | 4 | 3 | 8 |
| 1 | 8 | 3 | 4 | 9 | 7 | 6 | 5 | 2 |
| 2 | 5 | 4 | 8 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 2 | 9 | 1 | 6 |
| 6 | 1 | 7 | 3 | 8 | 9 | 5 | 2 | 4 |
| 9 | 4 | 2 | 6 | 1 | 5 | 7 | 8 | 3 |

## सामयिक चर्चा

### सभी के निष्ठापूर्वक कार्य करना है

बरसात के कारण बरामदे में बैठकर
बानी बोले - ''गजाधर!
हमारे छत्तीसगढ़ के वित्तमंत्री
ओ.पी. चौधरी ने
राज्य वित्त सेवा अधिकारी संघ के
वार्षिक आम सभा को
सम्बोधित करते हुए कहा
कि राज्य के वित्तीय प्रबंधन
एवं वित्तीय अनुशासन को
मजबूत बनाने के लिए
वित्त सेवा अधिकारियों की
अहम भूमिका है, यह स्पष्ट बता दिया।
उन्होंने अधिकारियों से, अपने दायित्वों को,
और अधिक पारदर्शी, जवाब देह
एवं निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का
आह्वान किया।''
तभी एकाएक पूछ उठे बात-बात पर
मीन मेख निकालने वाले बनवारी
''और दूसरे विभाग के अधिकारी ?
गजाधर मुस्कराए बोले- ''देखो, बनवारी!
भ्रष्टाचार की जड़ है लालच।
और लालच की पूर्ति करता है पैसा।
फिर वित्त का मतलब भी होता है पैसा।
तो मंत्रीजी ने जो अधिकारियों से
निष्ठापूर्वक कार्य करने को कहा है
उसका अर्थ सभी विभाग के
अधिकारियों से रहा है।
इसलिए बनवारी भैया!
अपनी समझ का दायरा विस्तृत रखो,
ताकि मंत्री जी के कथन
को समझ सको।''



गिरीश बख्शी

## कविता


### उसका सिर में यूं हाथ फेरना

सौ जन्मों का प्रेम पाना।
यूं तो रोज बरसती ही रहती।
बाजार से लाये सब्जी को
रखने से बनाते तक,
ताने पर ताने ही देती रहती।
फिर चाहे मायका का प्रेम हो या
साले की कारगुजारी,
सभी में खींचाई तो होती ही हमारी।
पत्नी का असल प्रेम पाना हो
कभी बीमार होकर देखना।
घर बाहर सब एक कर देगी,
और उसका सिर में यूं हाथ फेरना
सौ जन्मों का प्रेम पाना ही है।



गजेंद्र बख्शी
राजनांदगांव

## राशिफल




**मेष**

आपके लिए आज का दिन अनुकूल रहेगा। आज आपको आपके साथियों और सगे-संबंधियों का पूरा सहयोग रहेगा। आप कोई बड़ा कार्य करने के लिए प्रेरित होंगे। कोई बड़ा उद्योग लगाने या अपने कार्य-व्यापार को बढ़ाने का सोचेंगे। जिसमें आपको सफलता मिलेगी। इस दौरान आपके घर पर कोई मांगलिक आयोजन होगा।



**वृष राशि**

आज आपके लिए दिन फायदेमंद रहेगा। पारिवारिक सुख के प्रबल योग हैं। सरकारी सेवा से जुड़े लोगों को पदोन्नति मिलने की संभावना है। आज आप जरूरतमंद लोगों की मदद करेंगे या उन्हें किसी प्रकार से आर्थिक लाभ पहुंचा सकते हैं। इस कार्य में आप निरंतर सक्रिय रहेंगे। इस दौरान कार्यक्षेत्र में अनावश्यक तर्क वितर्क से बचें।




**मिथुन**

आज आपका दिन सफलता दिलाने वाला है। व्यवसाय कर रहे लोगों के लिए लाभ की स्थिति बनेगी। सामाजिक दायित्व बढ़ सकता है। किसी बड़ी कार्य योजना को विस्तार देने में आपको विशेष सफलता मिलेगी। आज आपको परिवार में किसी बड़े बुजुर्ग से अच्छी सलाह मिलेगी, जो आपके लिए फायदेमंद रहेगी।




**कर्क**

आज आपके लिए दिन बेहतर रहेगा। अपने स्वजनों का आपको साथ मिलेगा। किसी बड़े लक्ष्य को पाने के लिए आप निरंतर सक्रिय रहेंगे। आपको जीवनसाथी का पूरा सहयोग मिलेगा। आज आप किसी आधिकारिक यात्रा पर जा सकते हैं। नौकरी में आपकी स्थिति मजबूत होगी और आपकी लोकप्रियता बढ़ेगी।



**सिंह**

आज आपके लिए दिन फेवरेबल रहेगा। आपको कार्यक्षेत्र में कोई बड़ा प्रोजेक्ट मिलने की संभावना है। जिसे आप अपनी काबिलीयत पूरा करेंगे। आपको अपने सहयोगियों का भी सहयोग मिलेगा। आप अपनी सूझबूझ और चतुराई से अपना प्रभाव बनाने में कामयाब रहेंगे। व्यवसाय के क्षेत्र में उन्नति के योग हैं।



**कन्या**

आज का दिन आपके लिए फायदेमंद रहेगा। आज कोई रचना या लेखन का कार्य संपन्न होने से आपको खुशी का अनुभव होगा। समाज में आपकी लोकप्रियता बढ़ने के संकेत हैं। व्यावसायिक स्तर पर दिन अच्छा रहेगा। आज आपके लिए कुछ वस्त्र या आभूषण आदि खरीदने के योग हैं। आपकी सुख सुविधाओं में वृद्धि होगी।



**तुला**

आप आज बेहतरीन दिन बिताएंगे। आपके सुख सुविधाओं में वृद्धि होगी आप सुखद पारिवारिक जीवन बिताएंगे। अविवाहित जातकों के लिए विवाह के योग बन रहे हैं । आप अपनी कार्यकुशलता से कार्यस्थल पर सभी को प्रभावित करेंगे। आपके पर्सनालिटी लोगों के बीच बहुत अच्छी रहेगी।



**वृश्चिक**

आज आपके लिए दिन अच्छा रहेगा। आप किसी महत्वपूर्ण कार्य को नई दिशा में ले जाने में सफल रहेंगे। जिससे आज आपका उत्साह बढ़ेगा। आज ऑफिस में सावधानी पूर्वक कोई भी काम करें। आज आप किसी अनजान पर भी विश्वास करने से बचें। धीरे-धीरे स्थिति सामान्य हो जाएगी।




**धनु**

आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। आज आप धर्म-कर्म के कार्यों पर खर्च कर सकते हैं । आप यदि कोई कार्य योजना बना रहे हैं तो सोच समझकर ही कोई फैसला ले व्यावसायिक दृष्टि से दिन अच्छा है। आप अपनी कार्य योजनाओं को बढ़ाने के लिए सक्रिय रहेंगे। सरकारी सेवा से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन अनुकूल रहेगा।




**मकर**

आज का दिन आपके लिए पॉजिटिव रहेगा। कार्य क्षेत्र में आज संघर्ष के बावजूद आप महत्वपूर्ण कार्यों को पूरा करने में सफल रहेंगे। अच्छे लोगों का सहयोग मिलने से आप अपनी आर्थिक स्थितियों को सुधारने में कामयाब रहेंगे। कहीं की यात्रा होने के योग हैं। पारिवारिक सहयोग मिलेगा घर में खुशी का वातावरण बना रहेगा।



**कुंभ**

आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आज आप अच्छा महसूस करेंगे। आपके व्यापार में प्रगति की संभावना बन रही हैं। आपको किसी प्रोजेक्ट पर काम करने का अवसर मिलेगा। आप अपने उत्साह और परिश्रम के दम पर बड़ा लाभ उठाने में सफल रहेंगे। आमदनी बढ़ने में आपको कामयाबी मिलेगी।



**मीन**

आज का दिन आपके लिए सामान्य रहेगा। पारिवारिक दृष्टि से आपका दिन अच्छा रहेगा । धर्म-कर्म में आपकी रुचि बढ़ेगी। आप किसी अनुष्ठान में भागीदारी निभाएंगे। सरकारी कार्यों में लाभ की संभावनाएं बढ़ेंगी। आप अपने स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दें। इस दौरान किसी कानूनी मामलों में आपको सफलता मिलेगी जिससे आपको खुशी मिलेगी।

# किसानों को खाद एवं बीज की भारी किल्लत



**ब्लॉक कांग्रेस कमेटी डोंगरगांव ने किया विरोध प्रदर्शन**

डोंगरगांव (दावा)। वर्तमान खरीफ सीजन में खाद एवं बीज की भारी किल्लत और समितियों में हो रही अव्यवस्था, कालाबाज़ारी व किसानों की उपेक्षा के खिलाफ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी डोंगरगांव द्वारा एक शांतिपूर्ण आंदोलन एवं विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान डोंगरगांव, खुज्जी और खुर्सीपार क्षेत्र के किसानों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान सभी सहकारी समितियों में खाद एवं बीज की तत्काल और पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने, कालाबाज़ारी, भ्रष्टाचार और अव्यवस्थित वितरण में लिप्त अधिकारियों-कर्मचारियों पर कठोर कार्यवाही करने, वितरण प्रणाली की तकनीकी बाधाओं को दूर कर किसानों को शीघ्र राहत देने जैसी मांग सरकार से की गई।

आयोजन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने कहा कि छत्तीसगढ़ एक कृषि प्रधान राज्य है, लेकिन आज किसान सबसे उपेक्षित हैं। खाद और बीज जैसी मूल आवश्यकताओं की भारी कमी ने उनकी खेती पर संकट खड़ा कर दिया है। यदि प्रशासन ने शीघ्र समाधान नहीं किया, तो कांग्रेस पार्टी और उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगी। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने राज्य सरकार और जिला प्रशासन से आग्रह किया है कि किसानों की मांगों पर तत्काल संज्ञान लेकर राहत प्रदान की जाए। उक्त कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी से कार्यक्रम प्रभारी रमेश खंडेलवाल, कार्यकारी अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी डोंगरगांव गणेश साहू, डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू, जिपं सदस्य विभा साहू, पूर्व जपं डोंगरगांव अध्यक्ष टिकेश साहू, पूर्व जपं डोंगरगांव उपाध्यक्ष सुयश नाहटा, विरेन्द्र बोरकर, लीलेश पटेल, प्रियंक जैन सहित कांग्रेस के अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## रेलवे संस्थान डोंगरगढ़ में पौधरोपण किया गया



डोंगरगढ़(दावा)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे संस्थान डोंगरगढ़ में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी 29 जून दिन रविवार को वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया। जिसमें रेलवे कर्मचारी की महिलाओं एवं शक्ति वाहिनी महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रेलवे इंस्टिट्यूट के सचिव एस वेंकट स्वामी (चिन्नी) ने बताया की वृक्षारोपण का कार्यक्रम रेलवे समुदायिक भवन डोंगरगढ़ में भी किया गया।

## नगर में सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन का आवश्यक बैठक



**युक्तियुक्तक रण नीति के विरोध में शिक्षकों ने रखी बैठक**

गंडई पंडरिया (दावा)। गंडई नगर के विश्राम गृह में बीते दिवस दोपहर 2 बजे सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन छुईखदान की आवश्यक बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में युक्तियुक्तकरण के विरोध में चर्चा - परिचर्चा की गई व रणनीति बनाई गई। जिसमें एक ही परिसर में संचालित विभिन्न स्तर के स्कूलों को उच्च स्कूल के प्रभार में दिए जाने से होने वाली परेशानियों को लेकर चर्चा की गई।

फेडरेशन के पदाधिकारियों ने बताया कि शासन द्वारा बनाये गए नए नियम के अनुसार अब जो स्कूल एक ही परिसर में संचालित हो रहा है जैसे कि किसी ग्राम में एक ही जगह पर प्राथमिक शाला और माध्यमिक शाला संचालित हो रहा है तो दोनों स्कूल का प्रभार माध्यमिक शाला को मिलेगा, इसी प्रकार जहां प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला और हायर स्कूल संचालित हो रहा है उसका प्रभार हायर स्कूल को मिलेगा एवं जहां प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला, हायर स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल एक ही जगह पर संचालित हो रहा है उसका प्रभार हायर सेकेंडरी स्कूल को मिलेगा। इस प्रकार के नियम बनाये जाने से भविष्य में शिक्षकों, पालकों, स्कूल के बच्चों सहित अन्य को समस्या का सामना करना पड़ेगा। यदि किसी पालक को प्राथमिक शाला से सम्बंधित काम है तो उसे हायर सेकेंडरी स्कूल में जाकर कार्य कराना पड़ेगा, इसी प्रकार शिक्षकों के पदों के अनुरूप उनकी जिम्मेदारी खत्म हो जाएगी और शिक्षा के स्तर में गिरावट आएगी।

4 स्कूलों का प्रभार एक ही शिक्षक के भरोसे होने के कारण उनका कार्यभार बढ़ जाएगा। बैठक में सभी बातों को ध्यान में रखते हुए जल्द ही कड़े फैसले लेने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। इस दौरान सभी मर्ज शालाओं के प्रधान पाठकों ने अपनी समस्याएं रखी। बैठक में मुख्य रूप से ब्लॉक अध्यक्ष कौशल श्रीवास्तव, जिला सचिव शिवचरण वर्मा, जिला उपाध्यक्ष भिखेंद्र जंघेल, जिला पदाधिकारी गांधीराम साहू, खेमलाल जंघेल, रामदत्त साहू, लखन कौशल, योगेंद्र कोसरिया, तोकराम सिन्हा, लेखराम पटेल, विजय मेरावी, शिवचरण खुशरो, शिव श्रीवास्तव, लाला राम मेरावी, भागचंद साहू, योगेंद्र कश्यप, शेषनारायण साहू, चम्पेश्वर साहू, घनश्याम भारती, पूर्णेश्वर वैष्णव, हेमराज भारती सहित अन्य शिक्षक शामिल रहे।

## पहला कॉलम...

### किसान पुत्र विशाल का एमबीबीएस में हुआ चयन



**अध्यक्ष हंसराज साहू के नेतृत्व में समाज ने किया सम्मान**

डोंगरगढ़ (दावा)। ग्राम पंचायत मुरमुंदा के किसान परिवार जन्मे विशाल साहू का चयन एमबीबीएस के लिए हुआ है। साहू समाज के वरिष्ठ सदस्य हेमंत साहू ने बताया कि, विशाल साहू ने कड़ी मेहनत से कक्षा 12वीं पास होने के बाद एक संकल्प के साथ अपने घर पर ही रहकर विगत 3 वर्षों से उस मुकाम तक पहुंचने की चाहत में कड़ी मेहनत कर अपने लक्ष्य को हासिल किया।

ग्राम मुरमुंदा निवासी कृषक सेखुदास साहू व मां मीरा साहू के पुत्र एवं बड़े भाई को विशाल साहू के एमबीबीएस में चयन होने पर अत्यंत खुशी है और वे गर्व का अनुभव कर रहे हैं। विशाल ने मुरमुंदा प्राथमिक शाला व पूर्व माध्यमिक शाला में अपनी पढ़ाई के बाद संत प्रयाग स्कूल में मैट्रिक की परीक्षा उत्तीर्ण की शिक्षा ग्रहण करके पालोटी स्कूल डोंगरगढ़ में शिक्षा अध्ययन करने के पश्चात 1 वर्ष भिलाई में कोचिंग भी की तथा फिर घर पर ही रहकर अध्ययनशील रहा। तहसील अध्यक्ष हंसराज साहू के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने उनके घर जाकर विशाल का सम्मान किया। इस अवसर पर हेमंत साहू, धर्मदास साहू, मंधीर दास साहू, कुलदीप साहू, कचरू हिरवानी, सुजाता साहू, प्रमिला साहू, विरेन्द्र साहू ने विशाल साहू को पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका सम्मान किया, उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। संरक्षक हेमंत साहू ने बताया कि आगामी समय में तहसील स्तर पर विशाल का सम्मान किया जाएगा। गांव का बच्चा जो सरकारी स्कूल में पढ़ा हो आज एमबीबीएस के लिए चयनित हुआ है। उसके चयन से परिवार सहित गांव व तहसील साहू संघ में हर्ष व्याप्त है।

### ग्राम मलपुरी एवं उसरीबोड़ में मिनी स्टेडियम निर्माण के लिए 63 लाख 22 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति

राजनांदगांव (दावा)। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना अंतर्गत राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम मलपुरी एवं उसरीबोड़ में मिनी स्टेडियम निर्माण के लिए 31.61-31.61 लाख रूपए कुल 63 लाख 22 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। उन्होंने निर्माण एजेंसियों को समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य करने के निर्देश दिए है।

### सेवानिवृत्त हो रहे शिक्षकों का बेहतर सेवा के लिए विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने जताया आभार




डोंगरगढ़ (दावा)। कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी, डोंगरगढ़ द्वारा एक प्रेस विज्ञप्ति जारी की गई है, जिसमें सूचित किया गया है कि डोंगरगढ़ विकासखंड के अंतर्गत कार्यरत चार शिक्षकीय कर्मचारियों की सेवा 30 जून को पूर्ण हो रही है। यह सभी शिक्षक अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

कार्यालय द्वारा जारी पत्र में बताया गया कि सेवानिवृत्त शिक्षकों के पेंशन प्रकरण का प्रस्ताव, संयुक्त संचालक कोष लेखा एवं पेंशन संभाग, दुर्ग को दिनांक 23 जून 2025 को अग्रेषित कर दिया गया है। पेंशन स्वीकृति हेतु आवश्यक कार्यवाही कार्यालय स्तर से की जा चुकी है। सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षको में एस.आर. बघेल, प्रधान पाठक, शा.पू.मा. शाला, नाथू, डोंगरगढ़, गेशर कुमार महोबिया, प्रधान पाठक, शा. पू. मा. शाला, भैंसरा, जांगेंद्र सिंह बघा, उच्च श्रेणी शिक्षक, शा. पू. मा. शाला, पेंड्री, भारत लाल देवांगन, प्रधान पाठक, शा. पू. मा. शाला, पारागांव खुर्द शामिल है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी डोंगरगढ़ द्वारा इन शिक्षकों की सेवा के लिए आभार प्रकट करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई हैं।

## निगम के 3 सेवानिवृत्त कर्मचारियों को आयुक्त की उपस्थिति में दी गई भावपूर्वक बिदाई




राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम में कार्यरत सहायक राजस्व अधिकारी जगीनराम चंद्रवंशी सहित लाईनमेन भागीरथी साहू तथा मजदूर श्रीमती कन्ना बाई सोनाऊराम बंजारे आज अपनी अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए जिन्हें निगम सभागृह में आयुक्त अतुल विश्वकर्मा की अध्यक्षता में आयोजित बिदाई समारोह में भावपूर्वक बिदाई दी गयी। कार्यक्रम में आयुक्त सहित उपायुक्त मोबिन अली, कार्यपालन अभियंता यू.के.रामटेके व दीपक खाण्डे द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारियों को माला पहनाकर, शाल, श्रीफल से सम्मानित किया गया तथा अवकाश नगदी करण का चेक दिया गया।

बिदाई समारोह में आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि हम आप लोगों के आभारी है कि आपने अपने जीवन का बहुमूल्य समय निगम में परिवार की तरह व्यतित कर अपने कार्यो का निष्ठापूर्वक ईमानदारी से निर्वाहन किया। उन्होंने कहा कि निगम एक ऐसा कार्यालय है जहॉ सभी विभाग में काम करने का अनुभव होता है और अच्छा कार्य कर उदाहरण पेश करते है, जिससे उनके अनुभव का लाभ उनके अधिनस्थ कर्मचारियों को मिलता है। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक सेवा देने के कारण अपने पारिवारिक दायित्वों का अच्छी तरह से निर्वहन नही हो पाता, चूँकि अब आप सेवानिवृत्त हो रहे है तो अपने पारिवारिक दायित्वों का भी बखुबी निर्वाहन करें, मैं आपके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूँ।

सहायक राजस्व अधिकारी जगीनराम चंद्रवंशी ने सभी अधिकारी कर्मचारियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि नगर निगम में बहुत कम समय कार्य करने के लिए मिला, लेकिन राजस्व जैसे महत्वपूर्ण विभाग में आप लोगों के सहयोग से अच्छा कार्य किया। उन्होंने कहा कि डिमाण्ड दुरूस्त करने, राजस्व वृद्धि करने कर्मचारियों को प्रेरित किया और सभी ने सहयोग कर कार्य किया, जिसे मैं कभी भूला नही पाउंगा।

कार्यपालन अभियंता यू.के.रामटेके एवं दीपक खाण्डे ने भी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अपनी अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर ये कर्मचारी आज शासन नियमों के तहत सेवानिवृत्त हो रहे है। इन्होंने लंबे समय तक अपने कार्यो का कुशलता से निर्वाहन किया, यह हम सबके लिए अनुकरणीय है। बिदाई समारोह का संचालन व आभार प्रदर्शन प्र.कार्यालय अधीक्षक नारायण यादव ने किया। इस अवसर पर प्र.सहायक अभियंता वसीम खान, सहायक लेखाधिकारी राकेश नंदे, प्र.सहायक राजस्व अधिकारी अशोक चौबे सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## बदहाल सड़क के जीर्णोद्धार को लेकर उपसरपंच भागवत वर्मा ने की विधानसभा अध्यक्ष से मुलाकात



**जल्द ही सड़क का जीर्णोद्धार कराया जाएगा - डॉ रमन सिंह**

डोंगरगढ़ (दावा)। ग्राम विष्णुपुर की क्षतिग्रस्त सड़क के जीर्णोद्धार को लेकर उप-सरपंच भागवत वर्मा द्वारा विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह से सौजन्य भेंट कर मांग पत्र सौंपा। पत्र में कहा गया है कि, डोंगरगढ़ ब्लाक के ग्राम पंचायत खुर्शीपार के आश्रित ग्राम विष्णुपुर से ग्राम पंचायत खुर्शीपार जाने हेतु सड़क की कोई उचित व्यवस्था नहीं है। जिसके कारण बरसात के दिनों के विष्णुपुर की जनता को अनेक प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है व 10 से 15 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती है। जनता यातायात, शिक्षा, स्वास्थ्य, राशन व अन्य सुविधाओं से वंचित हो रहे किसान व मजदूर परेशान हैं। इन सभी समस्याओं से अवगत कराते हुए छत्तीसगढ़ शासन के पुर्व मुख्यमंत्री व वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष व राजनांदगांव विधायक डॉ. रमन सिंह से सौजन्य भेंटकर विष्णुपुर से खुर्शीपार पहुंच मार्ग को पक्की सड़क निर्माण कराने मांग किया गया। डॉक्टर साहब द्वारा आश्वासन दिया गया कि सड़क निर्माण का कार्य जल्द ही प्रारंभ कराएंगे।

## हरदी में रक्तदान शिविर में 61 रक्तदाताओं द्वारा रक्तदान किया गया




हरदी (दावा)। कार्य है यह बड़ा महान देकर जरूरतमंद को जीवनदान, रक्तदान के इस महाकुंभ में देकर अपना योगदान, चलो आओ मिलकर करे पहले रक्तदान मिला है मौका जीवन रक्षक बनने का।

बिलासा ब्लड बैंक द्वारा शिवनाथ वार्ड 51 हरदी में शिविर का आयोजन रखा गया जिसमें 61 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। सभी रक्तदाताओं को हेलमेट एवं प्रमाण पत्र दिया गया। जरूरतमंदों के लिए विभिन्न अवसरों सहित 52 बार रक्तदान कर रहे वार्ड पार्षद चंद्रकृत साहू रक्तवीर का मानना है कि इस सेवा से बड़ी कोई सेवा नहीं हो सकती।

ई-रक्तकोष क्या आप जानते है कि जो लोग रक्तदान करते हैं उन्हें दिल का दौरा पड़ने की संभावना 88 प्रतिशत कम होती है और किसी भी प्रकार की हृदय संबंधी बीमारी होने की संभावना 33 प्रतिशत कम होती है। जब आप रक्तदान करते हैं तो यह आपके शरीर से 225 से 250 मिलीग्राम आयरन को हटा देता है जिससे हृदय रोग का खतरा कम हो जाता है। सभी से निवेदन रक्तदान जरूर करें क्योंकि दूसरों की रक्त से बचती है अपनो की जान तब पता चलता है रक्तदान महादान। इस अवसर पर मुख्य रूप से धन्नू निषाद, राजू निषाद, देवा निषाद, मनोज साहू, चन्द्रकृत साहू, सतानंद साहू, लक्की निषाद, समीर निषाद, हिमांशु साहू, गिरीश निषाद, पूर्णानंद निषाद, खोमेन्द्र निषाद, खुलेश निषाद इन सभी का विशेष सहयोग रहा है।

## महाबोधि महाविहार मुक्ति आंदोलन हेतु राज्य स्तरीय धरना प्रदर्शन





**पूज्य भदंत धम्मतप के मार्गदर्शन में राज्य स्तरीय धरना प्रदर्शन**

राजनांदगांव (दावा)। विश्व धरोहर महाबोधि महाविहार बोधगया (बिहार) बौद्धों के पवित्र तीर्थस्थल एवं आस्था का पवित्र स्थल है। जिसके दर्शन हेतु देश-दुनिया से प्रतिदिन बौद्ध अनुयायी सैकड़ों-हजारों की संख्या में उपस्थित होते है। भारत देश में संविधान लागू होने के पूर्व बोधगया मंदिर अधिनियम 1949 (बी.टी.एक्ट) का निर्माण कर बौद्धों को पूर्णतः महाबोधि महाविहार प्रबंधन से वंचित रखा गया। भारतीय संविधान 1950 में लागू हुआ है, बोधगया मंदिर अधिनियम 1949 (बी.टी.एक्ट) भारतीय संविधान के अनुच्छेद 13, 25, 26 व 29 का उल्लंघन करता है। अनुच्छेद 13 के अनुसार 26 जनवरी 1950 से पहले सभी कानुन, अधिनियम को निरस्त करने का प्रावधान है। देश की आजादी के 75 साल बाद भी यह बी.टी.एक्ट 1949 का चलते रहना संविधान की अवमानना है एवं बौद्धों के साथ अन्यायपूर्ण कानूनी है जिसके विरूद्ध बोधगया में 76 सालों से आंदोलन चल रहा है एवं महाबोधि महाविहार का पूर्ण प्रबंधन बौद्धों को मिलना चाहिए इसलिए 134 सालों से आंदोलन चल रहा है।

इसी तारतम्य में बी.टी.एक्ट 1949 निरस्त किया जाये एवं महाबोधि महाविहार का पूर्ण प्रबंधन बौद्धों सौपा जाये इस उद्देश्य को लेकर दिनांक 12 फरवरी 2025 से ऑल इंडिया बुद्धिष्ट फोरम के माध्यम से बोधगया में अनिश्चितकालीन धरना आंदोलन चल रहा है। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए महाबोधि महाविहार मुक्ति आंदोलन का प्रारंभ 1 जुलाई से 31 जुलाई 2025 तक कलेक्टर कार्यालय के सामने ओवर ब्रिज के नीचे शांति पूर्ण धरना प्रदर्शन का आयोजन पूज्य भदंत धम्मतप के मार्गदर्शन में राज्य स्तरीय धरना किया जा रहा है। आयोजक ऑल इंडिया बुद्धिष्ट फोरम छत्तीसगढ़ सहयोगी संस्था छत्तीसगढ़ भिक्खु संघ, भारतीय बौद्ध महासभा छत्तीसगढ़, बौद्ध कल्याण समिति राजनांदगांव, महिला सशक्तिकरण संघ छत्तीसगढ़, समस्त बुद्धिष्ट संगठन एवं बौद्ध उपासक उपासिकाएँ उपस्थित थे।

## खाद बीज की समस्या को लेकर राज्यपाल के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया



घुमका (दावा)। खाद बीज की समस्या को लेकर विधायक हर्षिता स्वामी बघेल की अगुवाई मे ब्लॉक कांग्रेस ने कृषक सेवा सहकारी समिति में सरकार के खिलाफ नारेबाजी की व राज्यपाल के नाम तहसीलदार मुकेश ठाकुर को ज्ञापन सौपा।

सोमवार को विधायक बघेल दोपहर 12 बजे घुमका पहुंची, सतनाम भवन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का बैठक के बाद कांग्रेसियों के साथ सीधे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंच गई। मरीजों से मुलाकात कर उनका हाल चाल पूछा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की गतिविधियों से अवगत हुई, बाद बीएमओ नंदकिशोर टंडन के कार्यालय में बीएमओ से चर्चा की। चर्चा के दौरान पता चला कि सोमवार को ही यहाँ जीवनदीप समिति की बैठक सुनिश्चित था किन्तु यह बैठक यह कहकर स्थगित कर दिया गया कि अभी मनोनीत सदस्यों का चयन सूची नहीं मिली है, जो कि राज्य शासन द्वारा किया जाता है। यह सुनकर विधायक ने नाराजगी व्यक्त कर कहा कि जीवनदीप समिति की बैठक दो वर्षो से नहीं हुआ है। इस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की उपेक्षा हो रही है, इस केंद्र की हालत ठीक नहीं है, जीवनदीप समिति की बैठक आवश्यक है, अगली बार की तिथि पर बैठक होकर रहेगा।

बीएमओ डॉ. टंडन ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार ही कार्य किया जावेगा। समिति का सचिव एसडीएम साहब है, उन्हें वस्तुस्थिति से अवगत कराया जावेगा। इसके उपरांत 1:30 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से विधायक श्रीमति बघेल, ब्लॉक अध्यक्ष रतन यादव, पंकज बांधव, पीयूष दुबे, गौरव शर्मा, खेमचंद वर्मा, टीकम यदु, धन्ना यादव, कैलाश शर्मा, छन्नू आडिल, जितेंद्र साहू, नारद वर्मा, पुसू वर्मा एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ कांग्रेस का झंडा लहराते हुए सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पैदल-पैदल कृषक सेवा सहकारी समिति पहुंची। यहाँ राज्यपाल के नाम तहसीलदार मुकेश ठाकुर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में किसानों को समय पर खाद बीज उपलब्ध कराये जाने की मांग की गई है, विधायक श्रीमती बघेल ने यहां भी नारेबाजी की व कहा कि अपनों को लाभ पहुंचाने किसानों की समिति में खाद बीज जानबूझकर उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। किसान अधिक मूल्य में बाजार से खाद बीज लेने मजबूर है। कहा कि खाद बीज समय पर उपलब्ध नहीं किया गया तो आने वाले समय में कांग्रेस आंदोलन करेगी वही पर पूर्व मंत्री धनेश पाटिला ने कहा भाजपा सरकार फेल हो गई है, सोसायटी में खाद नहीं राजस्व प्रकरण लंबित है, मनरेगा का भुगतान नहीं हो रहा। विधायक श्रीमती बघेल 2 बजे स्वामी आत्मानंद स्कूल पहुंची जहां कक्षाएं चल रही थी। इस बीच कक्षाओं का निरीक्षण किया। छात्र-छात्राओं से चर्चा कर समस्याएं पूछी। विधायक श्रीमती बघेल ने यहाँ साफ-सफाई पर ध्यान आकर्षित कराया।

## नीरज विद्या मंदिर में रोपे गए फलदार पौधे



डोंगरगांव (दावा)। नगर की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था नीरज विद्या मंदिर (सीबीएसई, अंग्रेजी माध्यम), मोहड़ में पिछले दिनों औषधीय और फ्लदार पौधे रोपे गए। संस्था के डायरेक्टर इंजी. नीरज बाजपेयी की मंशा के अनुरूप विद्यालय की एक्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्रीमती पुष्पा बाजपेयी एवं प्राचार्या सुश्री अंजुम जहान के मार्गदर्शन में प्रतिवर्ष की भांति शाला परिसर में विविध औषधीय पौधे लगाए गए। निकट भविष्य में यही पौधे दूरगामी परिणाम देंगे। एक्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्रीमती बाजपेयी ने इस अवसर पर कहा कि पर्यावरण की स्वच्छता के लिए वृक्ष अनिवार्य होते हैं। उन्होंने बढ़ते ग्लोबल वार्मिंग पर चिंता जताते हुए प्रत्येक विद्यार्थी से हर वर्ष एक बहुउद्देशीय पौधा रोपने और उसकी देखभाल करने का आह्वान किया।

संस्था प्राचार्या सुश्री जहान ने फलदार पौधे लगाते हुए कहा कि जिस तरह हम अपनी माँ के प्रति सम्मान व्यक्त करते हैं उसी सम्मान को हम उनके नाम पर एक पौधा लगाकर भी प्रदर्शित कर सकते हैं। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने भी अपने हाथों से तरह-तरह के फूलदार और फलदार पौधे लगाए। विद्यालय के प्रशासक जी राम सिन्हा ने परिसर में रोपे गए पौधों की देखभाल के लिए उचित व्यवस्था का संकल्प दोहराया। यह जानकारी एक विज्ञप्ति में व्याख्याता डॉ. लोकेश शर्मा ने दी।

# पहला कॉलम...

## राष्ट्रपति मुर्मू आज एमजीयूजी शैक्षणिक भवन का करेंगी लोकार्पण

नई दिल्ली। अपने संस्थापक और कुलाधिपति, गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर (एमजीयूजी) समयानुकूल, भविष्योन्मुखी शिक्षा और सेवाभाव वाली सर्वसुलभ चिकित्सा का रोल मॉडल बन रहा है. यहां के रोजगारपरक पाठ्यक्रमों ने कम समय में ही इसे सबसे जल्द प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने वाला उच्च शिक्षण संस्थान बना दिया है तो एलोपैथ और आयुर्वेद पद्धति से उत्कृष्ट और रियायती चिकित्सा के लिए भी यह ख्यातिलब्ध हो चुका है. विश्वविद्यालय में अत्याधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर का भी सतत विस्तार हो रहा है. इसी कड़ी में मंगलवार (एक जुलाई) को एमजीयूजी के परिसर में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु के हाथों अकादमिक भवन, हाईटेक ऑडिटोरियम, विश्व स्तरीय पंचकर्म केंद्र का लोकार्पण तथा एक हजार की क्षमता वाले गर्ल्स हॉस्टल का शिलान्यास होने जा रहा है. राष्ट्रपति के कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए यहां तैयारी को अंतिम रूप दिया जा चुका है.एमजीयूजी के कुलपति डॉ. सुरिंदर सिंह बताते हैं कि इस विश्वविद्यालय में बीएएमएस, एमबीबीएस जैसे महत्वपूर्ण पाठ्यक्रमों के अलावा नर्सिंग, फार्मेसी, पैरामेडिकल, एलायड हेल्थ साइंस, एग्रीकल्चर, बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन आदि क्षेत्र में स्नातक, डिप्लोमा, परास्नातक के अनेक पाठ्यक्रम संचालित हैं.

## वेस्टइंडीज क्रिकेटर शमार जोसेफ से पहले इन क्रिकेटरों पर लगा रेप का आरोप

नई दिल्ली। वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज शमार जोसेफ इस समय चर्चा में हैं. शमार पर रेप का आरोप लगा है, जिसके बाद से क्रिकेट जगत में हलचल मच गई है. रिपोर्ट्स की मानें तो शमार पर एक, दो नहीं बल्कि 11 लड़कियों ने रेप का आरोप लगाया है. यह पहली बार नहीं है जब किसी क्रिकेटर पर रेप का आरोप लगा है. इससे पहले भी कई दिग्गज क्रिकेटर्स पर रेप का आरोप लग चुका है, जिसमें से कुछ जेल भी जा चुके हैंइन खिलाड़ियों पर लग चुका है रेप का आरोप संदीप लामिछाने- नेपाल के स्पिन गेंदबाज संदीप लामिछाने पर साल 2022 में एक नाबालिग लड़की से रेप करने का आरोप लगा था. जिसके बाद उन्हें 8 साल की जेल की सजा सुनाई गई थी. बाद में फिर वो बेगुनाह साबित हुए थे और उन्हें बरी कर दिया गया था. यश दयाल- भारतीय क्रिकेटर और आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु टीम का हिस्सा तेज गेंदबाज यश दयाल पर हाल ही में एक लड़की ने रेप का आरोप लगाया है. पीड़िता ने यश के खिलाफ शिकायत दर्ज कर दी है. पुलिस ने इस मामले पर जांच भी शुरू कर दी है. दनुष्का गुणातिलका- श्रीलंका के बल्लेबाज दनुष्का गुणातिलका को साल 2022 में रेप के आरोप में सिडनी में गिरफ्तार किया गया था. एक महिला ने उनके के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी. यह मामला अभी भी चल रहा है.

## चीन ने जापानी सीफूड पर दो साल पुराना प्रतिबंध हटाया

नई दिल्ली। चीन ने जापानी समुद्री खाद्य पदार्थों पर लगभग दो साल से लगा प्रतिबंध आखिरकार हटा दिया है। यह प्रतिबंध साल 2023 में लगाया गया था, जब जापान ने फुकुशिमा परमाणु संयंत्र से हल्का रेडियोधर्मी पानी समुद्र में छोड़ने की योजना पर अमल शुरू किया था। अब चीन ने ऐलान किया है कि जापान के ज्यादातर हिस्सों से समुद्री खाद्य उत्पादों का आयात फिर से शुरू किया जाएगा। फुकुशिमा का परमाणु संयंत्र साल 2011 में आई विनाशकारी सुनामी में गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हुआ था। संयंत्र में आज भी ईंधन को ठंडा करने के लिए लगातार पानी डाला जाता है। यह पानी बाद में टैंकों में इकट्ठा होता था। वर्षों तक बहस के बाद जापानी सरकार ने इस पानी को समुद्र में धीरे-धीरे छोड़ने की अनुमति दी, लेकिन इसके लिए रेडियोधर्मी तत्वों को पहले हटा दिया गया। जापान का कहना है कि यह पानी अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा मानकों से भी ज्यादा सुरक्षित है और इसका पर्यावरण पर कोई गंभीर प्रभाव नहीं पड़ेगा। लेकिन चीन इससे सहमत नहीं था। चीन ने अगस्त 2023 में जापानी समुद्री खाद्य पर प्रतिबंध लगा दिया था। यह जापान के मत्स्य उद्योग के लिए बड़ा झटका था क्योंकि चीन जापानी समुद्री खाद्य का सबसे बड़ा विदेशी बाजार था, जो कुल निर्यात का करीब 20 प्रतिशत हिस्सा था।

## शेयर बाजार : सेंसेक्स 31 अंक टूटा, निफ्टी 25,661 पर

मुंबई। कारोबारी सप्ताह के पहले दिन शेयर बाजार सपाट पर खुला. बीएसई पर सेंसेक्स 31 अंकों की गिरावट के साथ 84,027.33 पर ओपन हुआ. वहीं, एनएसई पर निफ्टी 0.09 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 25,661.65 पर खुला.

आज के कारोबार के दौरान टोरेंट फार्मास्यूटिकल्स, जेबी केमिकल्स एंड फार्मास्यूटिकल्स, ज्योति सीएनसी ऑटोमेशन, बीएचईएल, एलेम्बिक फार्मा, वारी एनर्जीज, प्रेस्टीज एस्टेट्स प्रोजेक्ट्स, भारती एयरटेल, ले लावोइर, रिलायंस इंडस्ट्रीज और हिंद रेक्टीफायर्स के शेयर फोकस में रहेंगे. कारोबारी सप्ताह के आखिरी दिन शेयर बाजार ग्रीन जोन में बंद हुआ. बीएसई पर सेंसेक्स 303 अंकों की बढ़ोतरी के साथ 84,058.90 पर क्लोज हुआ. वहीं, एनएसई पर निफ्टी 0.35 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 25,637.80 पर बंद हुआ.

# चेन्नई बुल्स ने रचा इतिहास, दिल्ली रेड्ज को हराकर जीता मेडन रग्बी प्रीमियर लीग का खिताब

मुंबई। चेन्नई बुल्स ने यहां मुंबई में शाहजी राजे भोसले स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में रग्बी प्रीमियर लीग (आरपीएल) के पहले चैंपियन का खिताब जीतकर इतिहास रच दिया. चेन्नई बुल्स की टीम ने फाइनल में दिल्ली रेड्ज को हराकर चमचमाती ट्रॉफी पर अपना कब्जा जमाया.




चेन्नई बुल्स ने फाइनल में दिल्ली रेड्ज को 41-0 के स्कोर से हराकर खिताब अपने नाम किया. वास्तव में, जीत का अंतर जीएमआर आरपीएल के सीजन 1 में सबसे बड़ा है. इस बीच, हैदराबाद हीरोज, जो लीग चरण में प्वाइंट्स टेबल में शीर्ष पर रहा था, बेंगलुरु ब्रेवहार्ट्स के खिलाफ 17-12 से जीत हासिल करने के बाद तीसरे स्थान पर रहा.

चेन्नई बुल्स ने सेमीफाइनल में जहां से छोड़ा था, वहीं से शुरुआत की और शुरुआती मुकाबलों में दिल्ली रेड्ज को कड़ी टक्कर दी. वाफौसे मलिको ने फाइनल का पहला प्रयास किया और फ़िलिप सौतुरागा ने इसे गोल में बदल दिया. कुछ ही देर बाद, रेड्ज ने बुल्स के हमले की पूरी ताकत महसूस की, क्योंकि जोसेवा तालाकोलो ने शानदार मूव को गोल में बदलकर 5 और अंक हासिल किए.

पहले हाफ के अंत से पहले, बुल्स ने अपनी बढ़त को और बढ़ा लिया था - टेरी कैनेडी ने दो और प्रयासों के लिए रेड्ज़ को पीछे छोड़ दिया, और गौरव कुमार ने किक से 2 और अंक जोड़े. हाफ-टाइम तक, बुल्स पूरी तरह से नियंत्रण में थे, और 24-0 से आगे थे. ब्रेक के बाद, वर्चस्व जारी रहा, और रेड्ज़ को बुल्स को तोड़ना मुश्किल हो रहा था, इस बीच, बुल्स दबाव बनाने के लिए अपना काम कर रहे थे, क्योंकि कैनेडी द्वारा सेट किए जाने के बाद शानावाज अहमद लाइन के पार चले गए. और फिलिप सौतुरागा ने कुल में 2 और अंक जोड़े. मैच खत्म होने में 4 मिनट बाकी थे, बहुत ही प्रभावशाली बुल्स ने अपने पक्ष में 31-0 की बढ़त बना ली थी. बुल्स ने हार नहीं मानी और मोहम्मद आशिक के कुछ और प्रयासों को शामिल करके इस जीत को और अधिक शानदार जीत बना दिया.

इससे पहले दिन में हैदराबाद हीरोज ने जीएमआर रग्बी प्रीमियर लीग के उद्घाटन सत्र में तीसरा स्थान हासिल किया, क्योंकि उन्होंने बेंगलुरु ब्रेवहार्ट्स की चुनौती का डटकर सामना किया. शुरुआती दौर में पिछड़ रहे हीरोज ने पूरी ताकत से वापसी की. हीरोज ने ब्रेवहार्ट्स को 17-12 से हराया. ब्रेवहार्ट्स के लिए टोन शिउ और फिलिप वोकोरच ने प्रयास किए, जबकि अकुइला रोकोलिसोआ ने एक किक को गोल में बदला, ये सभी पहले हाफ में हुए.

# भारतीय टीम का शानदार प्रदर्शन जारी, लगातार दूसरा मैच अपने नाम किया

नई दिल्ली। भारतीय सीनियर महिला फुटबॉल टीम ने एएफसी महिला एशियाई कप 2026 क्वालीफायर्स में अपना विजयी अभियान जोरदार अंदाज में जारी रखा है। 29 जून को थाईलैंड के चियांग माई में खेले गए मुकाबले में भारत ने तिमोर लेस्ते की टीम को एकतरफा अंदाज में 4-0 से पराजित किया। इस मुकाबले में भारतीय टीम ने शुरू से लेकर आखिर तक शानदार खेल दिखाते हुए मैदान पर अपना दबदबा बनाए रखा।



इस मुकाबले में भारतीय विंगर मनीषा कल्याण ने जबरदस्त प्रदर्शन किया। उन्होंने 12वें मिनट में मैच का पहला गोल दागकर भारत को शुरुआती बढ़त दिलाई। इसके बाद मनीषा ने 80वें मिनट में एक और शानदार गोल कर अपनी टीम की जीत को लगभग पक्का कर दिया। मनीषा की तेजी और शानदार फिनिशिंग एक बार फिर विपक्षी डिफेंस के लिए बड़ी चुनौती साबित हुई। रत के लिए अंजू तमांग ने 58वें मिनट में दूसरा गोल किया। वहीं, मैच के 86वें मिनट में लिंडा कोम सेर्टो ने विपक्षी गोलकीपर को चकमा देते हुए चौथा और अंतिम गोल किया। इन दो गोलों के साथ भारत ने तिमोर लेस्ते को वापसी का कोई मौका नहीं दिया।

इस बेहतरीन जीत के साथ भारतीय महिला टीम ने क्वालीफायर्स के ग्रुप बी में दो मुकाबलों में 6 अंकों के साथ शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। टीम ने इससे पहले अपने पहले मुकाबले में मंगोलिया को रिकॉर्ड 13-0 से हराया था।

## पोलार्ड की तूफानी पारी पर भारी पड़ा डुप्लेसिस का शतक, सुपर किंग्स ने MI को हराया, फाफ टॉप पर पहुंचे

डलास । मेजर लीग क्रिकेट में रविवार को टेक्सास सुपर किंग्स और एमआई न्यूयॉर्क के बीच मुकाबला खेला गया। डलास में खेले गए इस मैच में सुपर किंग्स ने कप्तान फाफ डुप्लेसिस के शतक की बदौलत न्यूयॉर्क को 39 रन से हरा दिया।



डुप्लेसिस ने 53 गेंद पर पांच चौके और नौ छक्के की मद से नाबाद 103 रन की पारी खेली। टेक्सास सुपर किंग्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में चार विकेट पर 223 रन बनाए। जवाब में एमआई न्यूयॉर्क की टीम 20 ओवर में नौ विकेट पर 184 रन ही बना सकी। कीरोन पोलार्ड की 39 गेंद में 70 रन की तूफानी पारी भी बेकार गई।

यह इस सीजन डुप्लेसिस का दूसरा शतक रहा। इससे पहले उन्होंने सेन फ्रैंसिस्को यूनिकॉर्न्स के खिलाफ 51 गेंद में 100 रन बनाए थे। इसी के साथ डुप्लेसिस फिलहाल मेजर लीग क्रिकेट के इस सत्र में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने अब तक सात पारियों में 52.83 की औसत और 179.10 के स्ट्राइक रेट से 317 रन बनाए हैं। वहीं, फिन एलेन 305 रन के साथ दूसरे नंबर पर हैं। मोनांक पटेल ने सात पारियों में 293 रन बनाए हैं। इसी के साथ टेक्सास सुपर किंग्स ने लगातार तीसरी बार प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई कर लिया।

दरअसल, टॉस जीतने के बाद एमआई न्यूयॉर्क के कप्तान निकोलस पूरन ने पहले गेंदबाजी का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए टेक्सास की शुरुआत खराब रही थी और स्मित पटेल तीन रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद कप्तान डुप्लेसिस और सैतेजा मुक्कामाला ने दूसरे विकेट के लिए 81 रन की साझेदारी निभाई। सैतेजा 18 गेंद में तीन चौके की मदद से 25 रन बनाकर आउट हुए। फिर डुप्लेसिस ने मार्कस स्टोइनिस के साथ तीसरे विकेट के लिए 57 रन की साझेदारी निभाई। स्टोइनिस 22 गेंद में एक चौका और एक छक्के की मदद से 25 रन बनाकर पवेलियन लौट गए।

## आयुष शेट्टी ने रचा इतिहास, जीता पहला बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर खिताब

**तन्वी शर्मा को फाइनल में मिली हार**

नई दिल्ली। आयुष शेट्टी ने यूएस ओपन के फाइनल में कनाडा के ब्रायन यांग को 21-18, 21-13 से हराकर अपना पहला बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर खिताब जीता है. हालांकि आयुष से भारतीय बैडमिंटन प्रशंसकों को अच्छी खबर मिली, लेकिन उन्हें निराशा भी हाथ लगी क्योंकि महिलाओं के फाइनल में तन्वी शर्मा यूएस की शटलर बेइवेन झांग से 21-11, 16-21, 21-10 से हार गईं.



आयुष इस सीजन में बीडब्ल्यूएफ खिताब जीतने वाले पहले भारतीय शटलर बन गए. जिससे भारतीय बैडमिंटन में एक बदलाव का संकेत मिलता है. वर्तमान में विश्व में 34वें स्थान पर काबिज आयुष ने भारत के पुरुष एकल खिताब के इंतजार को खत्म कर दिया, 2023 में कनाडा ओपन में लक्ष्य सेन की जीत के बाद यह पहला खिताब है. 47 मिनट में विश्व नंबर 33 यांग पर जीत ने आयुष के लिए एक ठोस सप्ताह का अंत किया. विश्व जूनियर चैंपियनशिप 2023 के कांस्य पदक विजेता ने डेनमार्क के विश्व नंबर 85 मैग्नस जोहानसन पर 21-17, 21-19 से जीत के साथ प्रतियोगिता फिर से शुरू की. इसके बाद उन्होंने प्री-क्वार्टर फाइनल में हमवतन थारुन मन्नेपल्ली को 21-12, 13-21, 21-15 से हराया. अगली दो जीत कुओ कुआन लिन (22-20, 21-9) और विश्व नंबर 6 चोउ टिएन चेन (21-23, 21-15, 21-14) के खिलाफ मिलीं. पुरुष एकल फाइनल की शुरुआत बराबरी पर हुई क्योंकि पहला सेट 6-6 के स्कोरलाइन के साथ शुरू हुआ. इसके बाद शेट्टी ने बढ़त बना ली क्योंकि यांग ने ओवरहिट किया और भारतीय शटलर ने इसे 9-6 तक आगे बढ़ाया. पहले सेट में अंतराल तक शेट्टी ने बढ़त को 11-6 तक बढ़ाया. हालांकि, इसके बाद सेट काफी करीबी हो गया और यांग ने बढ़त को 16-16 तक कम कर दिया, लेकिन भारतीय शटलर ने निर्णायक क्षणों में एक बार फिर कदम बढ़ाया और पहला सेट जीत लिया.

## पीसीबी क्रिकेट बोर्ड ने अजहर महमूद को टेस्ट टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया

नईदिल्ली। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने पूर्व ऑलराउंडर अजहर महमूद को अपनी टेस्ट टीम का मुख्य कोच (कार्यवाहक) नियुक्त किया है। वह आकिब जावेद की जगह लेंगे। बता दें कि जावेद पिछले साल जेसन गिलेस्पी के इस्तीफा के बाद इस जिम्मेदारी को संभाल रहे थे। पीसीबी की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, महमूद अपने मौजूदा अनुबंध की समाप्ति तक इस पद पर बने रहेंगे।



पीसीबी ने महमूद को कोच बनाने को लेकर अपनी खुशी जाहिर की है। पीसीबी ने कहा, खेल को लेकर के उनकी गहरी समझ, अंतरराष्ट्रीय अनुभव और इंग्लिश काउंटी क्रिकेट की सफलता, उन्हें इस पद के लिए असाधारण रूप से उपयुक्त बनाती है। पीसीबी ने बयान में आगे कहा, बोर्ड को विश्वास है कि अजहर के मार्गदर्शन में टेस्ट टीम वैश्विक मंच पर ताकत, अनुशासन और प्रदर्शन में आगे बढ़ती रहेगी।

महमूद पाकिस्तान क्रिकेट टीम से 21 टेस्ट खेल चुके थे, जिसमें उन्होंने गेंदबाजी में 35.94 की औसत से 39 विकेट लिए थे। दूसरी तरफ बल्लेबाजी में 3 शतकों की मदद से 900 रन बनाए थे। महमूद ने 143 वनडे में 39.13 की औसत के साथ 123 विकेट चटकाए थे। दूसरी तरफ बल्लेबाजी में उन्होंने 1,521 रन अपने नाम किए थे। वह टी-20 अंतरराष्ट्रीय में पाकिस्तान का प्रतिनिधित्व नहीं कर सके।

## भारतीय महिला टीम, दूसरे टी20 में होगी हरमनप्रीत कौर की वापसी?

ब्रिस्टल । नॉटिंघम में खेले गए पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में मंधाना के इस प्रारूप में पहले शतक की बदौलत भारत ने 97 रन से बड़ी जीत दर्ज की थी। दूसरे मैच में हरमनप्रीत की वापसी से जहां भारतीय टीम को मजबूती मिलेगी वहीं इंग्लैंड की टीम की चिंताएं बढ़ेंगी। हरमनप्रीत को अभ्यास मैच के दौरान सिर में चोट लगने के बाद एहतियात के तौर पर पहले मैच में आराम दिया गया था।



भारतीय महिला टीम का इंग्लैंड से पांच मैचों की टी20 सीरीज में सामना हो रहा है। हरमनप्रीत कौर की गैरमौजूदगी में भारत ने इंग्लैंड को पहले टी20 मैच में 97 रनों से हराया था। अब टीम की नजर दूसरे मुकाबले में जीत दर्ज कर सीरीज में 2-0 की बढ़त हासिल करने पर होगी। ब्रिस्टल में मंगलवार को दूसरा मुकाबला भारतीय समयानुसार रात 11 बजे से खेला जाएगा, जिसमें हरमनप्रीत की वापसी की उम्मीद है। पहले मुकाबले में उनकी जगह स्मृति मंधाना ने टीम की कमान संभाली थी नॉटिंघम में खेले गए पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में मंधाना के इस प्रारूप में पहले शतक की बदौलत भारत ने 97 रन से बड़ी जीत दर्ज की थी। दूसरे मैच में हरमनप्रीत की वापसी से जहां भारतीय टीम को मजबूती मिलेगी वहीं इंग्लैंड की टीम की चिंताएं बढ़ेंगी। हरमनप्रीत को अभ्यास मैच के दौरान सिर में चोट लगने के बाद एहतियात के तौर पर पहले मैच में आराम दिया गया था।

## 'बुमराह तीन मैच खेलेंगे', डिविलियर्स ने गंभीर और टीम मैनेजमेंट को लताड़ा



बर्मिंघम । भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला दो जुलाई से बर्मिंघम के एजबेस्टन में खेला जाएगा। टीम इंडिया को लीड्स में पहले टेस्ट में हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद मुख्य कोच गौतम गंभीर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में जसप्रीत बुमराह के वर्कलोड मैनेजमेंट पर बात की थी और उन्हें तीन टेस्ट खिलाने की बात कही थी।

हालांकि, गंभीर के इस बयान और फैसले से दक्षिण अफ्रीका के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज एबी डिविलियर्स खुश नहीं दिखे। उन्होंने गंभीर और भारतीय टीम मैनेजमेंट को निशाने पर लिया है। साथ ही पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन का उदाहरण देकर बुमराह के वर्कलोड को भी उसी तरह मैनेज करने के लिए कहा। दरअसल, बुमराह देश हो या विदेश, हर मैदान पर भारत के प्रमुख हथियार रहे हैं। हालांकि, उनके सिर्फ तीन टेस्ट खेलने से टीम इंडिया को अन्य दो मैचों में किसी अलग गेंदबाज के साथ उतरना पड़ेगा और इंग्लैंड की टीम इसका फायदा उठा सकती है। बुमराह के प्रभाव का अंदाजा आप इसी बात से लगा सकते हैं कि लीड्स टेस्ट की पहली पारी में उन्होंने पांच विकेट लिए तो इंग्लैंड की टीम ऑलआउट हो गई।

# प्रथम पृष्ठ का शेष....

**कैबिनेट ने छत्तीसगढ़ राज्य लॉजिस्टिक....**

मध्यम उद्योगों तथा स्थानीय उत्पादकों को निर्यात बाजारों तक पहुंचने का अवसर मिलेगा। राज्य के प्रचुर वन संसाधन, वनोपज एवं वनौषधि उत्पाद के निर्यात हेतु इको सिस्टम तैयार होगा। यह पॉलिसी राज्य के युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित करेगी साथ ही राज्य को लॉजिस्टिक्स एवं निर्यात क्षेत्र में एक अग्रणी भूमिका में स्थापित करेगी। मंत्रिपरिषद द्वारा महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए राज्य के कुछ कानूनों के प्रावधानों का गैर-अपराधीकरण करने के लिए छत्तीसगढ़ जन विश्वास (प्रावधानों का संशोधन) विधेयक-2025 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। जन विश्वास विधेयक से व्यवसाय व जीवनयापन में सहजता बढ़ेगी। अनावश्यक न्यायालयीन प्रकरणों और उनमें होने वाले व्यय में कमी आएगी। मंत्रिपरिषद ने प्रदेश के विभिन्न विभागों/निगम/मण्डल/कम्पनी/बोर्ड के पूर्व निर्मित एवं जर्जर भवनों तथा इनके स्वामित्व की अनुपयोगी शासकीय भूमि के व्यवस्थित विकास और सदुपयोग के लिए रिडेव्हलपमेंट योजना अंतर्गत 7 योजनाओं को स्वीकृति प्रदान की है। इसमें शांति नगर रायपुर, बीटीआई शंकर नगर रायपुर, कैलाश नगर राजनांदगांव, चांदनी चौक फेस-2 जगदलपुर, सिविल लाइन कांकेर, क्लब पारा महासमुंद, कटघोरा कोरबा शामिल हैं। मंत्रिपरिषद द्वारा वाणिज्यिक कर (पंजीयन) विभाग के अंतर्गत उच्च श्रेणी पंजीयन लिपिक/रिकार्ड कीपर से तृतीय श्रेणी कार्यपालिक, उप पंजीयक के पद पर पदोन्नति के लिए विहित 5 वर्ष की न्यूनतम अर्हकारी सेवा को केवल एक बार के लिए न्यूनतम अर्हकारी सेवा 2 वर्ष निर्धारित करने का निर्णय लिया गया।

**ड्रैगन ने कहा,'भारत-चीन सीमा....**

चीन की यह प्रतिक्रिया राजनयिक संतुलन दिखाने की कोशिश भारतीय विश्लेषकों का कहना है कि चीन की यह प्रतिक्रिया राजनयिक संतुलन दिखाने की कोशिश है, लेकिन जमीनी हकीकत में बदलाव तभी होगा जब क्क्र पीछे हटे। पूर्व राजनयिकों ने चेताया कि 'बातचीत जरूरी है, लेकिन भारत को अपनी सतर्कता कम नहीं करनी चाहिए।' सन 2020 के लद्दाख गतिरोध के बाद यह बैठक भारत-चीन के रिश्तों को दोबारा सामान्य बनाने की दिशा में एक और प्रयास मानी जा रही है। दोनों देशों ने यह स्वीकार किया है कि हालात को बेहतर बनाने के लिए संवाद जारी रखना ज़रूरी है।

**सिगाची फार्मा कंपनी में विस्फोट....**

उनके प्रति संवेदना। घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से प्रत्येक मृतक के परिजनों को दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे। यह पूछे जाने पर कि क्या यह विस्फोट था या फिर कोई अन्य दुर्घटना? एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि ऐसा लग रहा है कि यह विस्फोट था। आधिकारिक विज्ञप्ति के मुताबिक, मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने घटना पर दुख जताया है और अधिकारियों को फंसे हुए श्रमिकों को बचाने और उन्हें सबसे अच्छा इलाज मुहैया कराने के लिए सभी कदम उठाने का निर्देश दिया। कंपनी की वेबसाइट के मुताबिक, सिगाची इंडस्ट्रीज लिमिटेड एक फार्मास्युटिकल कंपनी है, जो सक्रिय फार्मास्युटिकल सामग्री (एपीआई), इंटरमीडिएट्स, एक्सिपिएंट्स, विटामिन-मिनरल मिक्सचर्स, संचालन और प्रबंधन (ओएंडएम) सेवाओं के लिए काम करती है।

**अमिताभ जैन बने रहेंगे चीफ....**

कलेक्टर के रूप में अमिताभ जैन को पहली पदस्थापना 1 फ़रवरी 1997 को रायगढ़ जिले में मिली। कलेक्टर के रूप में अमिताभ जैन को दूसरा जिला छतरपुर मिला। फिर वह होशंगाबाद के कलेक्टर रहे। वे राजगढ़, नीमच जिले में भी पदस्थ रहें। पृथक छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद अमिताभ जैन ने छत्तीसगढ़ कैडर चुन लिया। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर जिले में हुए दो बार कलेक्टर के रूप में पदस्थ रहे। उनकी पहली पोस्टिंग राज्य बनने के साथ ही 1 नवंबर 2000 को हुई थी। 15 दिसंबर 2003 तक के कलेक्टर रायपुर रहे। उनकी दूसरी पोस्टिंग 21 मार्च 2004 को फिर से रायपुर कलेक्टर बने।

**प्रयागराज बवाल मामले में पुलिस का....**

फूंक दीं. पथराव में चौकी प्रभारी समेत कई पुलिसकर्मियों को चोटें आई हैं. आम लोग भी चोटिल हुए हैं, जिनमें महिलायें-बच्चे भी शामिल हैं. दरअसल, बीते दिन प्रयागराज पुलिस ने नगीना के सांसद चंद्रशेखर आजाद को एक दलित व्यक्ति के परिवार से मिलने के लिए इसौटा गांव जाने से रोक दिया था जिसके बाद उनके गुस्साए समर्थकों ने हंगामा शुरू कर दिया. पुलिस चंद्रशेखर को हिरासत में लेकर पुलिस सर्किट हाउस लाई तो समर्थक तोड़फोड़ पर उतर आए. उन्होंने पुलिस वाहनों में तोड़फोड़ की. ईंट-पत्थर और लाठी-डंडे चलाए. घटना के विजुअल इसकी तस्दीक कर रहे हैं. मामले में डीसीपी (यमुना नगर) विवेक चंद्र यादव ने कहा कि चंद्रशेखर की आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में करछना तहसील के इसौटा गांव में एकत्र हुए थे. जब उन्हें पता चला कि वह गांव के अंदर नहीं आ सकते हैं, तो उनके गुस्साए कार्यकर्ताओं ने पथराव शुरू कर दिया. उन्होंने कहा कि भीड़ ने डायल 112 वाहन और एक अन्य वाहन को क्षतिग्रस्त कर दिया. हालांकि, पुलिस बल ने स्थिति को जल्द ही नियंत्रण में कर लिया. अब बवालियों की पहचान की जा रही है और उनके खिलाफ मामला दर्ज किया जा रहा है. मौके पर फोर्स गई लगाई है . शांति व्यवस्था कायम है.

**भाजपा विधायक टी राजा सिंह ने पार्टी....**

के बारे में नहीं है, यह पत्र उन लाखों वफादार भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों के दर्द और हताशा को दर्शाता है जो खुद को दरकिनार और अनसुना महसूस करते हैं। तेलंगाना में भाजपा को सत्ता में लाने का हमारे पास वर्षों में सबसे अच्छा अवसर था। लेकिन यह उम्मीद धीरे-धीरे निराशा और हताशा में बदल रही है, लोगों की वजह से नहीं, बल्कि नेतृत्व को शीर्ष पर बिठाए जाने की वजह से। बहुत दुःख के साथ मैंने भारतीय जनता पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देने का निर्णय लिया है। किशन रेड्डी, मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि कृपया तेलंगाना विधानसभा के माननीय अध्यक्ष को सूचित करें कि टी. राजा सिंह अब भाजपा के सदस्य नहीं हैं टी. राजा ने अपने दो पन्नों के इस्तीफे में आगे लिखा- भले ही मैं पार्टी से अलग हो रहा हूं, लेकिन मैं हिंदुत्व की विचारधारा और हमारे धर्म और गोशामहल के लोगों की सेवा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हूं। मैं अपनी आवाज उठाता रहूंगा और हिंदू समुदाय के साथ और भी अधिक मजबूती से खड़ा रहूंगा। उन्होंने कहा- यह एक कठिन निर्णय है, लेकिन जरूरी भी है। बहुत से लोगों की चुप्पी को सहमति नहीं समझा जाना चाहिए। मैं सिर्फ अपने लिए नहीं, बल्कि उन अनगिनत कार्यकर्ताओं और मतदाताओं के लिए बोल रहा हूं जो हमारे साथ विश्वास के साथ खड़े थे और जो आज निराश महसूस कर रहे हैं। मैं हमारे वरिष्ठ नेतृत्व - माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, अमित शाह और बीएल संतोष से भी विनम्रतापूर्वक अपील करता हूं कि वे इस निर्णय पर पुनर्विचार करें। तेलंगाना भाजपा के लिए तैयार है, लेकिन हमें उस अवसर का सम्मान करने और उसे हाथ से जाने न देने के लिए सही नेतृत्व चुनना चाहिए। जय हिंद, जय श्री राम!

**कोलकाता दुष्कर्म मामले का संज्ञान लें....**

याचिका में सीजेआई से अनुरोध किया गया है कि वह इस मामले में संज्ञान लेकर तत्काल और निष्पक्ष जांच का आदेश दें। इसके साथ ही यह मांग भी की गई है कि इस मामले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपी जाए और जांच को समयबद्ध तरीके से पूरा करने का निर्देश दिया जाए। यह याचिका वकील सत्यम सिंह की ओर से दाखिल की गई है। इसमें पश्चिम बंगाल सरकार को निर्देश देने की मांग की गई है कि पीड़िता को 50 लाख रुपये की अंतरिम मुआवजा राशि दी जाए, जिससे उसका उपचार, पुनर्वास और कानूनी खर्च पूरा किया जा सके। इसके अलावा, याचिका में यह भी कहा गया है कि पीड़िता, उसके परिवार और सभी गवाहों को तत्काल और पूरी सुरक्षा उपलब्ध कराई जाए। साथ ही शिक्षण संस्थानों में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश तैयार किए जाएं। इसमें तृणमूल कांग्रेस के नेताओं, खासकर कल्याण बनर्जी और मदन मित्रा के खिलाफ भी कार्रवाई की मांग की गई है, जिन्होंने कथित तौर पर पीड़िता को अपमानित करने वाले बयान दिए हैं। तृणमूल कांग्रेस के विधायक मदन मित्रा अक्सर विवादित टिप्पणियों के लिए चर्चाओं में रहते हैं।

# जनसंचार विभाग में पत्रकारिता का दैनिक जीवन में महत्व पर व्याख्यान



पत्रकारिता उन आवाजों को उठाने का माध्यम है जिनकी कोई आवाज नहीं है- प्रो. शैलेन्द्र खंडेलवाल

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के जनसंचार विभाग द्वारा ''पत्रकारिता का दैनिक जीवन में महत्व'' विषय पर एक महत्वपूर्ण अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह आयोजन प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के मार्गदर्शन और विभागाध्यक्ष डॉ. बी.एन. जाग्रत के निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वक्ता के रूप में कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय, रायपुर से पधारे एसोसिएट प्रोफेसर शैलेंद्र खंडेलवाल उपस्थित रहे। प्रोफेसर खंडेलवाल ने अपने सारगर्भित व्याख्यान में पत्रकारिता को ग्लोबलाइजेशन का आधार सूत्र बताया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कैसे पत्रकारिता प्रतिदिन हमें दुनिया के हर कोने में घटित होने वाली घटनाओं, मौसम, समाज, संस्कृति और स्वास्थ्य संबंधी सभी महत्वपूर्ण जानकारियाँ उपलब्ध कराती है। प्रोफेसर खंडेलवाल ने पत्रकारिता के सामाजिक सरोकार पर विशेष प्रकाश डालते हुए कहा कि यह लोगों के लिए न्याय करने और उनकी आवाजों को उठाने का माध्यम है जिनकी कोई आवाज नहीं है। उन्होंने कहा, ''अगर आपकी रिपोर्टिंग किसी के जीवन को बेहतर बनाने में सहायक होती है, तो असल मायने में आप जीवन में सफल होते हैं।'' उन्होंने भारत में पत्रकारिता के गौरवशाली इतिहास जो मिशन के रूप में सामने आया इसकी जानकारी विद्यार्थियों को दी। अपने व्याख्यान में, प्रोफेसर खंडेलवाल ने छत्तीसगढ़ में पत्रकारिता के इतिहास पर भी विस्तार से बात की और हस्तलिखित अखबारों के महत्व को रेखांकित किया।

इस अवसर पर, जनसंचार विभाग के अध्यक्ष डॉ. बी.एन. जाग्रत ने अपने उद्बोधन में कहा कि जो व्यक्ति अपने पद की गरिमा के साथ अपने कर्तव्य के प्रति सजग होकर कार्य करता है, वास्तव में वही देश और समाज के प्रति ईमानदार होता है। उन्होंने पत्रकारिता के मूल भाव को इसी ईमानदारी और सजगता से जोड़ा। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन छात्रा हरेंद्र साहू ने किया, जबकि प्राध्यापक विभा सिंह ने उपस्थित सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के विद्यार्थियों की भी अहम भूमिका रही, जिन्होंने पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम में भाग लिया। इस अतिथि व्याख्यान से विद्यार्थियों को पत्रकारिता के महत्व और उसके सामाजिक दायित्वों को समझने का महत्वपूर्ण अवसर मिला।

# छात्र युवा मंच के तत्वाधान में 115 वाँ रक्तदान शिविर का आयोजन






राजनांदगांव (दावा)। भगवान श्री जगन्नाथ के पावन पर्व रथयात्रा के उपलक्ष्य में छात्र युवा मंच के तत्वाधान में समाज में जागरूकता संचार और जरूरतमन्दों के मदद के उद्देश्य, लक्ष्य को लेकर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर में छात्रों, शिक्षकों, ग्रामवासियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। इस शिविर में लगभग 72 लोगों ने रक्तदान कर अपनी मानवता और दानशीलता का परिचय देकर हमारी इस आयोजन को सफल बनाने में महती भूमिका निभाई। रक्तदान प्रक्रिया और सहभागिता शिविर के दौरान बालाजी ब्लडबैंक की देखरेख में रक्तदान प्रक्रिया पूरी की गई। रक्तदान करने से पहले सभी रक्तदाताओं का स्वास्थ्य प्रीक्षण किया गया, जिसमें रक्तचाप, हीमोग्लोबिन स्तर, और अन्य आवश्यक प्रक्रिया पूरी की गई। इस शिविर के प्रेरणास्त्रोत पूर्व विधायक कोमल जंघेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, वरिष्ठ समाजसेवी ग्राम प्रमुख भूखन जंघेल, छात्र युवा मंच संयोजक, रक्तवीर नागेश यदु, मदन साहू एलआईसी अभिकर्ता, डॉ. शरद वैष्णव आदि, उपस्थित रहे।

''मानवता ही सबसे बड़ी सेवा'' इस उक्ति को चरितार्थ करते हुए इस आयोजन को सफल बनाने में हमारे मार्गदर्शक के रूप में ग्रा. पं. दिलीपपुर के सरपंच श्रीमति देवकी वर्मा, उपसरपंच राजेश जँघेल, राधेश्याम जंघेल व्याख्याता शिक्षक, सुभाष गहरवार, संदीप जँघेल, सुमित यादव, पंकज वर्मा, सत्यम जंघेल, आदित्य जँघेल, आदि का विशेष सहयोग रहा। रक्तदान की इस अमूल्य पहल को जन जन में विस्तारित करने का अहम लक्ष्य को लेकर इस आयोजन को ग्राम खमतराई में आयोजित करने का सफल प्रयास करने में छात्र युवा मंच के शहर अध्यक्ष साहिल जंघेल, आदर्श यादव महामंत्री, खेमचंद साहू जिला प्रमुख, योगेश जंघेल प्रदेश मंत्री, का विशेष प्रयास रहा। तमाम रक्तदाता, समस्त ग्रामवासी और मेडिकल स्टाफ को आभार।

# शासकीय दिग्विजय स्वषासी महा. की द्वितीय प्रवेष सूची जारी

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव में शैक्षणिक सत् 2025-26 में स्नातक स्तर के बी.ए., बी. कॉम, बी.एस.सी. (बायो/गणित), बी.सी.ए., डी.सी.ए. प्रथम वर्ष (प्रथम सेमेस्टर) में ऑनलाईन पद्धति से प्रवेश फार्म भरने हेतु महाविद्यालय के वेबसाइटके माध्यम से दिनांक 15 जून 2025 तक निर्धारित की गई थी। महाविद्यालय में आनलाईन प्राप्त आवेदनों के आधार पर प्रथम प्रवेश सूची जारी किये गये थे। अंतिम तिथी पश्चात शेष रिक्त सीटों के लिए दिनांक 27 जून 25 को द्वितीय प्रवेश सूची जारी की गई हैं। जिसके अनुसार बी.ए.प्रथम वर्ष में कट ऑफ अनारक्षित वर्ग में 62.6 अपिव में 61 तथा अजा. में 51 प्रतिशत तक गई है। बी.कॉम.प्रथम वर्ष में कट ऑफ अनारक्षित वर्ग में 71.8 अपिव में 65.4 अजजा में 50.8 तथा अजा. में 51 प्रतिशत तक गई है। बी.एस.सी. गणित प्रथम वर्ष में कट ऑफ अनारक्षित वर्ग में 59.4 अपिव में 50.4 प्रतिशत अजजा में 49.0 तक गई है। बी.एस.सी. बायो (सीबीजेड) प्रथम वर्ष में कट ऑफ अनारक्षित वर्ग में 70.6 अपिव में 69 प्रतिशत, अजा 47 एवं अजजा 36 प्रतिशत तक गई है एवं बी.सी.ए. प्रथम वर्ष में कट ऑफअनारक्षित वर्ग में 63.2 अपिव में 62.4 अजजा में 55.6 तथा अजा. में 52.6 प्रतिशत तक गई है। जिसका अवलोकन महाविद्यालय Web site- www.gdcr.ac.in पर तथा महाविद्यालय के सूचना पटल पर कर सकते है। निर्धारित तिथि तक विद्यार्थियों को आवश्यक दस्तावेज सहित आवेदन पत्र की हार्ड कापी लेकर सत्यापन कराना होगा, तत्पश्चात् निर्धारित शुल्क जमा करना होगा। निर्धारित तिथि का उल्लेख प्रवेश सूची के साथ किया गया है। प्रवेश सूची के संबंध में किसी भी प्रकार की शिकायत/समस्या हो तो विद्यार्थी निर्धारित तिथि से पूर्व प्रवेश समिति से संपर्क कर सकते है।

# भेड़ीकला, बोरी, गठुला में जल कलश यात्रा निकाल कर किया गया जागरूक



**राजनांदगांव(दावा)। ग्राम भेड़ीकला और बोरी पंचायत में कलश जल यात्रा कार्यक्रम का 28 जून शनिवार को किया गया। इस अवसर पर पद्मश्री फूलबासन यादव के पहल से जल संरक्षण के संबंध में रखा गया जिसमें वर्तमान में भू-जल स्तर बहुत अधिक नीचे चले जाने के कारण राजनांदगांव जिला सेमी क्रिटिकल जोन में पहुंच गया है, भविष्य में होने वाली समस्याओं से निपटाने हेतु जल संरक्षण पर कार्य करने की आवश्यकता है।**

जल संरक्षण के इस संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए यह कार्यकम कलश जल यात्रा का आयोजन रखा गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से पद्मश्री फूलबासन यादव, श्रीमती जनिया अध्यक्ष महिला समूह डोंगरगांव, जनपद पंचायत सभापति पूर्णिमा साहू, सरपंच बिसंतीन नेताम, चंद्रिका देवांगन पंच, सुश्री संगीता देवांगन पंच, समूह की अध्यक्ष यामिनी सेन, लोकेश्वरी देवांगन, सचिव, रोजगार सहायक, नीलकमल नेताम, जितेंद्र देवांगन ग्राम बोरी के सरपंच जीवन लाल साहू उप सरपंच टीपी मिश्रा गठुला सरपंच चित्ररेखा ठाकुर उपसरपंच सुखीराम साहू एवं अन्य ग्रामीण महिलाएं शामिल थी।

# समाज व राष्ट्र के विकास के लिए शिक्षा सबसे बड़ा अस्त्र - ओकेश साहू



मुड़पार स्कूल में मनाया शाला प्रवेश उत्सव

राजनांदगांव (दावा)। मुड़पार(सुरगी) में 28 जून को शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। शासकीय प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक शाला मुड़पार में कक्षा पहली और छठवीं के नवप्रवेशी बच्चों को गुलाल लगाकर और मिठाई खिलाकर नवीन कक्षा में उनका स्वागत किया गया।

नवप्रवेशी बच्चों को गणवेश और पुस्तक वितरित किया गया। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ओकेश साहू ने नवप्रवेशी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए नियमित शाला आने और मन लगाकर पढ़ने के लिए प्रेरित किए। ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष रामलाल साहू ने बच्चों को शिक्षकों के द्वारा दिए जाने वाले नैतिक शिक्षा को जीवन में अपनाने और कड़ाई से पालन करने के लिए कहा। वही माणिकचंद साहू ने पालक, शिक्षक और शाला प्रबंधन समिति को साथ में मिलकर बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए साथ में अच्छे कार्य करने का सुझाव दिए। ग्राम पंचायत मुड़पार के उपसरपंच कोमल यादव ने स्कूल के भौतिक संरचनात्मक समस्या को पंचायत स्तर पर हर संभव समाधान करने के आश्वासन दिया।

उक्त कार्यक्रम में ग्राम मुड़पार के पीतांबर साहू, सचिन साहू, लक्ष्मण साहू, कोमल साहू, फग्गू साहू, एवन साहू,साधु राम साहू, श्रीमती लोकेश्वरी साहू, श्रीमती समुंद बाई सहित भारी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे। माध्यमिक शाला मुड़पार के प्रभारी प्रधानपाठक डोमार सिंह देशमुख के साथ श्रीमती डिलेश्वरी पाटिल, कुमारी हमीदा बानो, श्रीमती सविता बोगा, सुनील कुमार सवाई एवं छनेन्द्र कुमार साहू शिक्षकगण उपस्थित रहे। मंच संचालन छनेन्द्र कुमार साहू (शिक्षक)के द्वारा किया गया।

छनेंद्र कुमार साहू ने विद्यार्थी, पालक, शाला प्रबंधन समिति और पंचायत को साथ में सामूहिक रूप से स्कूल के बच्चों के हित में काम करने के लिए कहा।पालकों और ग्रामीणजन को आश्वस्त करते हुए उन्होंने कहा कि सभी शिक्षक अपना 100 प्रतिशत योगदान बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए देते रहेंगे।

# शराब पीने के लिए पैसा मांगने वाला आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा



आरोपी के कब्जे से डण्डा एवं ईट पुलिस ने किया जप्त

राजनांदगांव (दावा)। बसंतपुर पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में शराब पीने के लिए लोगों को पैसे मांगने वाले आरोपी को धर-दबोचा है।

पुलिस ने उसके पास से घटना में प्रयुक्त डंडा व ईंट को जब्त किया है। बताया जाता है कि उक्त आरोपी आदतन बदमाश है और इसके खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से उसे जेल की सीखचों के पीछे भेज दिया गया है।

बसंतपुर थाना प्रभारी एमन साहू ने बताया कि उक्त घटना के संबंध में प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 28 जून की रात्रि 09:30 बजे यह अपनी दुकान बंद कर वापस अपने घर जा रहा था, कि अपने घर चौखडियापारा पहूँचा था तभी इसके पडोस में रहने वाल बादल सिन्हा पिता बालकिशन सिन्हा उम्र 35 सिल निवासी चौखड़िया पारा हनुमान मंदिर के पास इसे शराब पीने के लिए पैसे की मांग की। जब यह पैसे देने से मना किया तो बादल सिन्हा इसे अश्लील गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए डण्डा एवं ईटा से मारपीट किया किया।

इस रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में अपराध सदर पंजीबद्व कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया जो जुर्म करना स्वीकार किया गया।

आरोपी को पेश करने पर घटना में प्रयुक्त एक नग डण्डा जप्त कर उसे गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से आरोपी को जेल वारंट प्राप्त होने पश्चात उसे जिला जेल में दाखिल कर दिया गया है। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक श्री साहू सहित मप्रआर. सीमा जैन एवं अन्य स्टाफ की अहम भूमिका रही।

# ग्राम देवरी में सरस्वती शिशु मंदिर का शुभारंभ किया गया



डोंगरगढ़ (दावा)। सरस्वती ग्राम भारती छत्तीसगढ़ प्रांत के मार्गदर्शन में जिला ग्राम भारती राजनांदगांव के नेतृत्व में ग्राम देवरी में सरस्वती शिशु मंदिर का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्रीमती गंगोत्री वर्मा सरपंच ग्राम पंचायत देवरी, अध्यक्षता श्रीमती बूंदा वर्मा अध्यक्ष जिला ग्राम भारतीय राजनंदगांव एवं विशिष्ट अतिथि श्री हुकम वर्मा ग्राम प्रमुख के आतिथ्य में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर जिला ग्राम भारती की ओर से अध्यक्ष श्रीमती बूंदा वर्मा, कोषाध्यक्ष अध्यक्ष कृष्ण कुमार वर्मा, सदस्य शिवकुमार ठाकुर एवं जिला समन्वयक पूनम चंद साहू के अलावा ग्राम पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि तेजराम वर्मा, उपसरपंच विनोद वर्मा, भुवनेश्वर वर्मा, संजय वर्मा इसके अलावा भी समस्त पंच एवं ग्रामवासी उपस्थित थे। सरस्वती शिशु मंदिर ग्राम देवरी का संचालन जिला ग्राम भारतीय राजनांदगांव के माध्यम से किया जाएगा। वर्तमान में अभी कक्षा अरुण, उदय एवं प्रथम में ही प्रवेश लिया जाएगा। इसके लिए ग्राम देवरी के तेजराम वर्मा, हुकम वर्मा, भुवनेश्वर वर्मा एवं संजय वर्मा को संयोजक के रूप में दायित्व दिया गया है।

# धरती आबा अभियान के तहत दरबानटोला में संतृप्ति शिविर, जनजातीय हितग्राहियों को मिला सीधा लाभ





खैरागढ़ (दावा)। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के मार्गदर्शन में धरती आबा जनभागीदारी अभियान के तहत छुईखदान विकासखंड के ग्राम दरबानटोला में आज लाभ संतृप्ति शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह शिविर न केवल सरकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने का माध्यम बना, बल्कि जनजातीय परिवारों के लिए उम्मीद की किरण भी साबित हुआ। शिविर में जनजातीय समाज के हितग्राहियों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। आयुष्मान भारत योजना के तहत 8 लोगों को स्वास्थ्य सुरक्षा कार्ड मिले, वहीं 7 लोगों को नया आधार कार्ड प्रदान किया गया। इसके अलावा 3 श्रमिकों को श्रम कार्ड, और 3 महिलाओं को मातृत्व वंदना योजना का लाभ मिला।

शिविर में कुल 28 आवेदन प्राप्त हुए, जिनका मौके पर ही परीक्षण कर संबंधित विभागों ने निराकरण सुनिश्चित किया। ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच के लिए शिविर में मौजूद चिकित्सकों द्वारा 8 लोगों की सिकलसेल व एनीमिया की जांच की गई।

प्रचार रथ के माध्यम से जनजातीय समाज को योजनाओं की जानकारी दी गई, साथ ही उन्हें योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रेरित भी किया गया। शिविर में जनजातीय समाज के लोगों ने अपनी समस्याएं खुलकर रखीं, जिनके त्वरित समाधान से उनके चेहरे पर संतुष्टि और विश्वास की झलक साफ नजर आई। इस अवसर पर ग्राम सरपंच, पंचगण, जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। शिविरों से शासन की योजनाओं का वास्तविक लाभ ज़रूरतमंदों तक पहुँचता है।

# साकेत साहित्य परिषद ने सुरेन्द्र दुबे को संस्मरणात्मक श्रद्धांजलि दी

राजनांदगांव (दावा)। अपनी हास्य रचनाओं एवं विशिष्ट शैली से काव्य रसिकों का मनोरंजन करने वाले सुरेन्द्र दुबे के निधन को साकेत साहित्य परिषद सुरगी ने साहित्य जगत के लिए अपूर्णीय क्षति बताया है। साकेत से जुड़े साहित्यकारों ने दुबे जी को संस्मरणात्मक श्रद्धांजलि दी है। साकेत साहित्य परिषद सुरगी के अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू अंकुर, वरिष्ठ साहित्यकार कुबेर सिंह साहू, सचिव राजकुमार चौधरी रौना ने कहा है कि सुरेन्द्र दुबे ने राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत और छत्तीसगढ़ की माटी का नाम रोशन किया। एक ओर जहां अपनी हास्य कविता से काव्य रसिकों को लोट-पोट कर देते थे तो दूसरी तरफ बस्तर की दुर्दशा पर लिखी उनकी कविता ने साहित्य जगत में अपनी अमिट छाप छोड़ी है।

साकेत साहित्य परिषद सुरगी के पूर्व अध्यक्ष लखन लाल साहू लहर, वरिष्ठ कवि वीरेन्द्र कुमार तिवारी वीरू, उपाध्यक्ष पवन यादव पहुना का कहना है कि दुबे जी ने छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के सचिव के रूप में अपनी प्रशासनिक क्षमता का बखूबी परिचय दिया। साकेत के पूर्व अध्यक्ष सचिन निषाद, भूखन वर्मा छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग द्वारा आयोजित प्रांतीय सम्मेलन बिलासपुर, राजिम, कोरबा, उनके गृह शहर बेमेतरा के साथ ही साकेत साहित्य परिषद सुरगी द्वारा मोखला में आयोजित वार्षिक सम्मान समारोह सहित अन्य राज्य स्तरीय साहित्यिक आयोजन उनसे मिलने का अवसर प्राप्त हुआ। ओमप्रकाश साहू अंकुर ने संस्मरण सुनाते हुए कहते हैं कि दुबे का साहित्य के क्षेत्र में एक बड़ा नाम था। उनसे बात करने में हिचक भी होती थी, लेकिन मेरे इस हिचक को मोखला गांव में स्वयं सुरेन्द्र दुबे ने ही दूर किया।



कवि सम्मेलन का टाईगर यादों में जिंदा रहेंगे

दरसल मोखला में 21 जुलाई 2018 को आयोजित साकेत साहित्य परिषद सुरगी राजनांदगांव के वार्षिक सम्मान समारोह में दुबे जी मुख्य अतिथि थे और उस समय वे छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के सचिव थे। मुख्य अतिथि ही सबसे पहले मोखला पहुंच गए। उस दिन सुबह बारिश भी हुई थी। साकेत के हमारे पदाधिकारी और साथीगण में दो तीन लोग ही उपस्थित थे। अन्य अतिथि भी नहीं पहुंच पाये थे। इस बीच भाई लखन लाल साहू लहर और मैं दुबे जी के साथ बातचीत का सिलसिला प्रारंभ किया। उसके बाद लहर जी भी वार्षिक समारोह के तहत माईक टेंट और अन्य जरूरी व्यवस्था में लग गए। छत्तीसगढ़ी में गोठबात प्रारंभ हुआ। वरिष्ठ साहित्यकार महेन्द्र कुमार बघेल मधु, नंद किशोर साव नीरव, शंतूराम गंजीर, अखिलेश्वर प्रसाद मिश्रा प्यारेलाल देशमुख ने याद करते हुए कहा कि दुबे जी बोलने में बहुत सिद्धहस्त थे। बातचीत के दौरान वे हास्य का पुट सहज रूप में ही ला लेते थे। मोखला में भी यही हुआ। इस बीच हमारे और भी साथी लोग पहुंचते गए और दुबे जी की बात चीत की शैली का लुत्फ उठाने लगे। साकेत के पूर्व सचिव कुलेश्वर दास साहू, फकीर प्रसाद साहू, नंद किशोर साव नीरव हम लोग असहज महसूस न करे इसलिए दुबे जी आत्मीयता से बातचीत करने लगे। साहित्यिक चर्चा हुई। इस बीच दुबे जी ने बताया कि वे कुछ समय हमारे गांव सुरगी के अस्पताल में भी ड्यूटी किए थे। साथ ही कहा कि इस आयोजन को सुरगी में रखना था जी क्योंकि वो बड़ा गांव है। इस पर मैंने कहा कि साकेत साहित्य परिषद सुरगी का वार्षिक सम्मान समारोह सुरगी के साथ ही अन्य गांवों में भी सफलता पूर्वक होते रहा है। मैंने दुबे जी को आश्वस्त किया कि यह आयोजन भी सफल होगा। इस समारोह में परिचर्चा का विषय था - ''छत्तीसगढ़ी पारंपरिक लोकगीतों में लोक परंपरा के तत्व''। इस पर आधार वक्तव्य साकेत साहित्य परिषद सुरगी के संरक्षक श्री कुबेर सिंह साहू ने दिया। मुख्य अतिथि के रूप में श्रद्धेय दुबे जी के वक्तव्य ने लोगों का काफी प्रभावित किया। अपनी हास्य शैली से लोगों को हंसाकर लोटपोट कर दिया। विषय पर बोलने के बाद जब काव्य रसिकों ने उनसे कविता सुनने की इच्छा जाहिर की और उनके पास जाकर कविता प्रस्तुत प्रस्तुत करने का निवेदन किया तो छत्तीसगढ़िया शैली में बोले - ''बिना पइसा के मोर जबान नइ खुले।'' फिर उन्होंने अपनी हास्य कविता सुना कर समारोह में उपस्थित साहित्यकारों और काव्य रसिकों को आनंदित कर दिया। इस वार्षिक सम्मान समारोह में युवा कवि पवन यादव पहुना और नाचा कलाकार फिरंगी राम साहू को मुख्य अतिथि दुबे जी और अन्य अतिथियों ने साकेत सम्मान से सम्मानित किया। साकेत के प्रथम अध्यक्ष धर्मेन्द्र पारख मीत, दिलीप कुमार साहू, मानसिंह मौलिक ने दुबे जी को याद करते हुए कहा कि राजनांदगांव में आयोजित राष्ट्रीय कवि सम्मेलन में अपने साहित्यिक मित्रों के साथ कई बार जाकर दुबे जी सहित देश के अन्य बड़े कवियों को सुनने का अवसर प्राप्त हुआ है। वे हास्य सम्राट के साथ ही राष्ट्रीय कवि सम्मेलन के कुशल संचालक भी थे। फागू दास कोसले, कैलाश साहू कुंवारा, मदन मंडावी, अमृत दास साहू, भूपेंद्र साहू सृजन, भूपेंद्र साहू प्रभात, शिव प्रसाद लहरे, डोहर दास साहू, आनंद राम सार्वा, बलराम सिन्हा, हिपेन्द्र साहू, याद दास साहू, रूपल साहू, राम खिलावन साहू, युनुस अजनबी, गुमान सिंह साहू,का निधन साहित्य जगत के लिए अपूर्णीय क्षति है। उन्होंने अपनी कविताओं के माध्यम से छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया। पूर्व अध्यक्ष लखन लाल साहू ने सुरेन्द्र दुबे जी द्वारा मोखला में तालाब किनारे पौधारोपण क्षण को साझा किया।

## केशव दास वैष्णव को वैष्णव समाज ने श्रद्धांजलि दी



राजनांदगांव (दावा)। वैष्णव समाज ने केशव दास वैष्णव दुर्ग के 24 जून मंगलवार को आकस्मिक निधन पर परिजनों को दुःख सहन करने की शक्ति देने दो मिनट मौन धारण कर श्रद्धांजलि देकर ईश्वर से प्रार्थना की। केशव दास वैष्णव दुर्ग ने अपने पीछे पत्नी रूमखणी वैष्णव पुत्र सुशील वैष्णव पुत्रवधु उपासना वैष्णव (अभिनेत्री), सुनील वैष्णव (अंतर्राष्ट्रीय स्ट्रेंथ लिफ्टर चैम्पियन) पुत्रवधु सुनीता वैष्णव, नातिन सुयश वैष्णव, शशांक वैष्णव सहित भरा पूरा परिवार छोड़ कर गए। श्रद्धांजली देने में वैष्णव समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लाल जे.के. वैष्णव, महासचिव रजनीश वैष्णव, प्रदेश युवा अध्यक्ष राघवेन्द्र वैष्णव, उपाध्यक्ष परमेश्वर वैष्णव, विनीत वैष्णव, अर्जुन वैष्णव, संजय वैष्णव, शिव वैष्णव, दुर्गेश वैष्णव, रमेश वैष्णव, सहित बड़ी संख्या में वैष्णवजन श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित थे।




# आज राजनांदगांव आयेंगे डॉ. रमन सिंहः एनएचएम के तहत 165 पदों पर नियुक्ति पत्रों का करेंगे वितरण

राजनांदगांव (दावा)। आज राजनांदगांव जिले के लिए स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक दिन होगा। विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक डॉ. रमन सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत कुल 165 पदों पर नियुक्ति पत्रों का वितरण किया जाना है। यह नियुक्ति प्रक्रिया पूरे प्रदेश में सबसे कम समय में पूर्ण पारदर्शिता के साथ संपन्न हुई है। इन नियुक्तियों से राजनांदगांव जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को नया जीवन मिलेगा, साथ ही युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार के सशक्त अवसर भी प्राप्त होंगे।




जिले में स्वास्थ्य सेवाओं के लिए ऐतिहासिक पहल

इन नियुक्तियों के माध्यम से जिले के 17 शेष आयुष्मान आरोग्य मंदिर अब पूरी तरह से क्रियाशील हो जाएंगे। वहीं 54 नर्सिंग स्टाफ, 6 रेडियोग्राफर, 4 आयुष चिकित्सा अधिकारी, 2 दंत चिकित्सक, 3 काउंसलर, 1 मनोवैज्ञानिक, 14 पुरुष स्वास्थ्य संयोजक, 21 सचिवीय सहायक, 17 कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर, 21 एएनएम/एनएचएम, 3 परामर्शदाता (एनएचएम), 1 मनोवैज्ञानिक (एनएमएचपी), 2 डेंटल सर्जन, 1 टीबी स्वास्थ्य आगंतुक (एनटीईपी), 15 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी, 1 तकनीकी सहायक (एनपीपीसीडी), 1 व्यक्तिगत सहायक (डीपीएचएन), 1 अटेंडेंट (एसए-एनएमएचपी), 1 डेंटल असिस्टेंट (एनयूएचएम), 1 नेत्र सहायक (एनयूएचएम), 1 प्रयोगशाला सहायक (आईडीएसपी) जैसे पदों की बहाली से स्वास्थ्य सेवाओं में उल्लेखनीय सुधार होगा। इसके साथ ही विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज परमालकसा में कुल 18 लाख रुपए से अधिक की लागत से निर्मित महिला भवन, बोरखानन, साइकिल स्टैंड सहित 5 विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे। ये विकास कार्य क्षेत्रीय आवश्यकताओं की पूर्ति के साथ-साथ स्थानीय नागरिकों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए तैयार किए गए हैं, जो ग्राम स्तर पर बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करेंगे और क्षेत्र के समग्र विकास में सहायक सिद्ध होंगे।
















# हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रकाश खूंटे के चिकित्सीय सेवा भावना के लोग कायल

राजनांदगांव(दावा)। मेडिकल कालेज हास्पिटल से सम्बद्ध रहे जिला चिकित्सालय बसंतपुर में मरीजों की निःस्वार्थ भाव से चिकित्सीय सेवाएं देने वालों डॉ. प्रकाश खूंटे की अहर्निश सेवा भावना के लोग कायल है। इसकी वजह उनकी समान भाव से हर किसी को चिकित्सीय सेवा उपलब्ध कराना है।




डॉक्टर्स डे पर लोगों ने दी बधाई एवं शुभकामनाएं

बता दे कि वर्तमान में मेडिकल कालेज हास्पिटल पेंड्री में अपनी सेवाएं दे रहे डॉ. खूंटे अपने संवेदन जन्य चिकित्सीय कार्य के चलते कई लोगों का मरन्नासन्न स्थिति से बचाकर जीवनदान देने का कार्य किया है। कई सर्प दंश पीड़ितों को इलाज कर बचाने का कार्य किया है। जबकि पीड़ित के घर परिवार वाले पूरी तरह हार मान जाते है।

अत्यंत जहरीला समझे जाने वाले करैत सर्प से दंश से व्यक्तियों की अथक प्रयासों से जान बचाकर डॉ. खूंटे ने अपनी चिकित्सीय कर्तव्य निष्ठा का अनुकरणीय उदाहरण पेश किया है। हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. खूंटे के निःस्वार्थ भाव से चिकित्सीय कार्य से संतुष्ट एवं खुश लोगों ने उन्हें आज डॉक्टर डे पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

डॉ. खुंटे की कोरोनाकाल में मरीजों की सेवा व जान बचाने के कार्य ने लोगों का दिल जीत लिया है। लोगों की कामना है कि ऐसे सेवाभावी व लोगों की जान बचाने वाला डॉक्टर लम्बी उम्र जीये और अपने चिकित्सीय कार्य से लोगों की सेवा कर लोगों को स्वस्थ सबल व दीर्घायु बनाए रखे।










**दैनिक दावा**

**मासिक बिल**

माह-जून 2025

| प्रति दिन | दर | राशि |
| --- | --- | --- |
| 30 दिन | 4 /- | 120/- |
| | योग | 120 /- |

व्यवस्थापक




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com